

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शुक्रवार 10 फरवरी 2023 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष -5 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-312 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 11 फरवरी 2023 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### रमेश कुमार सिन्हा होंगे छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस

**रायपुर ,10 फरवरी** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने रमेश कुमार सिन्हा का नाम केंद्र सरकार को नामित किया है।



छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के वर्तमान चीफ जस्टिस अरुप कुमार गोस्वामी 10 मार्च 2023 को रिटायर होने वाले है। उनके रिटायरमेंट के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट में कार्यरत जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को रिकमंडेशन दिया है। जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर वर्तमान में इलाहाबाद हाईकोर्ट में कार्यरत है। उन्हें वही इलाहाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस बनाये जाने का रिकमंडेशन दिया गया है।

### रोहित शर्मा ने जड़ा शतक

**नागपुर,11 फरवरी।** कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नागपुर टेस्ट में शतक जड़ दिया है। सलामी बल्लेबाज करने उतरे रोहित ने टेस्ट मैच के दूसरे दिन लंच के बाद 171 गेंदों पर अपना 9वां टेस्ट शतक पूरा किया। यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनका पहला ही टेस्ट शतक है। उन्होंने 14 चौके और दो छक्कों की मदद से अपना शतक बनाया। कप्तान के रूप में रोहित का यह पहला टेस्ट शतक है।

### सड़क हादसे में घायल छात्र वेंटिलेटर में

**कांकेर,10 फरवरी।** कोरर में हुए भीषण सड़क हादसे में घायल स्कूली छात्र को गुरुवार देर रात रायपुर लाया गया। 8 साल के गौतम कुमार मंडावी को अंबेडकर अस्पताल में एडमिट किया गया है। डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे का इलाज कैजुअल्टी विभाग में करने के बाद उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है। उसका इलाज क्रिटिकल केयर यूनिट में किया जा रहा है। 4 डॉक्टरों की टीम बच्चे की सेहत पर नजर रख रही है। गौतम के सिर समेत शरीर के कई हिस्सों में फ्रैक्चर हुआ है और उसकी हालत गंभीर है। वहीं जिन 7 बच्चों की मौत हुई, उनमें से 5 बच्चों का अंतिम संस्कार गुरुवार रात को ही कर दिया गया है। 2 बच्चे मानव साहू और कुमकुम साहू के शव को उनके पैतृक गांव बालोद के गुरुर विकासखंड के धनेली ग्राम लाया गया। उनका अंतिम संस्कार भी शुक्रवार सुबह कर दिया गया। सातों बच्चों के शवों को उनके गांवों में दफनाया गया। बच्चों की मौत से पूरे जिले में शोक का माहौल है।

# हाईकोर्ट ने राज्यपाल सचिवालय को जारी नोटिस पर लगाई रोक



**बिलासपुर,10 फरवरी।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने आरक्षण मामले में राज्यपाल सचिवालय को जारी नोटिस पर रोक लगा दी है. अनुच्छेद 361 के तहत राष्ट्रपति और राज्यपाल को नोटिस जारी करने हाईकोर्ट के अधिकार नहीं होने के तर्क को कोर्ट ने सही माना है. राज्य सरकार और एक अधिवक्ता ने बढ़ाए गए आरक्षण पर राज्यपाल द्वारा हस्ताक्षर नहीं करने के मामले में याचिका लगाई थी. जिसपर पूर्व में हाईकोर्ट ने राज्यपाल सचिवालय को नोटिस जारी किया था. हाईकोर्ट से जारी नोटिस को चुनौती देते हुए सचिवालय ने आवेदन पेश किया था. सोमवार को इन दोनों याचिकाओं पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. शासन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट और पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने बहस की थी. उन्होंने तर्क दिया था कि विधानसभा में विधेयक पारित होने के बाद राज्यपाल सिर्फ सहमति या असमति दे सकते हैं, लेकिन बिना किसी वजह के बिल को इस तरह से लंबे समय तक रोका नहीं जा सकता. कपिल सिब्बल ने कोर्ट में कहा था कि राज्यपाल अपने संवैधानिक अधिकारों का दुरुपयोग कर रही हैं. उनके साथ महाधिवक्ता सतीशचंद्र वर्मा भी थे. इस केस में हिमांक सलूजा की तरफ से हाईकोर्ट के सीनियर एडवोकेट डॉ. निर्मल शुक्ला और शैलेंद्र शुक्ला ने तर्क हाईकोर्ट में रखा था. इसके बाद जस्टिस रजनी दुबे की सिंगल बेंच ने राज्यपाल सचिवालय को नोटिस जारी किया था. छत्तीसगढ़ में अब अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 32 प्रतिशत, अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 13 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत और ईडब्ल्यूएस के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है. मुख्यमंत्री ने लोकसेवा आरक्षण और शैक्षणिक संस्था प्रवेश में आरक्षण विधेयक सदन में पेश किया. सदन में चर्चा के पश्चात सर्वसम्मति से विधेयक पारित किया गया था।

### पार्टी विरोधी गतिविधि का आरोप

# पीसीसी के संगठन महामंत्री चावला व पूर्व मंत्री को एआईसीसी की नोटिस

### एक हफ्ते के भीतर मांगा जवाब

**रायपुर 10 फरवरी**

पीसीसी के प्रदेश महामंत्री संगठन अमरजीत चावला को एआईसीसी की अनुशासन समिति ने नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री संगठन अमरजीत चावला को एआईसीसी की अनुशासन समिति के मेंबर सेक्रेट्री तारिक अनवर की तरफ से यह नोटिस जारी हुआ है। जानकारी के मुताबिक कांग्रेस सरकार के खिलाफ नेगेटिव कमेंट करने, आरक्षण के विषय पर राज्यपाल के स्टैंड को सपोर्ट करने और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ मुहिम चलाने के आरोप में अमरजीत चावला के खिलाफ अनुशासन समिति ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। आपको बता दें कि 1 हफ्ते के भीतर नोटिस का जवाब मांगा गया है, जिसमें यह पूछा गया है कि क्यों ना आप के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। आपको बता दें कि अमरजीत चावला के अलावा पूर्व मंत्री अरविंद नेताम को भी पार्टी विरोधी बयानबाजी के मामले में नोटिस जारी किया गया है। कांग्रेस सरकार के खिलाफ काम करने और भानुप्रताप उपचुनाव में आदिवासी समाज के कैंडिडेट को समर्थन करने के आरोप में नेताम के खिलाफ नोटिस जारी हुआ है।

### राजस्थान विधानसभा में गहलोत का जादू

# 6 मिनट तक पढ़ते रहे पुराना बजट

**जयपुर,10 फरवरी।** राजस्थान विधानसभा में आज गजब हो गया, यहां बजट पेश करने के दौरान विपक्ष ने जमकर हंगामा किया. जिसके बाद विधानसभा में बात इतनी बिगड़ गई कि सदन को आधे घंटे के लिए स्थगित करना पड़ा. दरअसल ष्टरू गहलोत ने पुराना बजट पढ़ना शुरू कर दिया था, जिसके बाद वो विपक्ष के निशाने पर आ गए. बीजेपी ने इस घटनाक्रम को बजट लीक बताते हुए राजस्थान की सरकार पर निशाना साधा है. हालांकि बाद में स्पीकर के आदेश पर दोबारा सदन की कार्यवाही शुरू हुई.



राज्य की अशोक गहलोत सरकार पर निशाना साधते हुए वसुंधरा राजे ने ये भी कहा कि सूबे के इतिहास में यह पहली घटना है जिससे आज यह तय हो गया है कि यह राज है ना सुराज है यह तो सीधे सीधे कांग्रेस पार्टी का कुराज है. वहीं बीजेपी नेता सतीश पुनिया ने भी पुराने बजट भाषण को लेकर सीएम गहलोत की सरकार पर निशाना साधा है. राजस्थान विधानसभा में पूर्व सीएम और वरिष्ठ बीजेपी नेता वसुंधरा राजे ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा राजस्थान में पहले पेपर लीक हुआ अब सदन में बजट भी लीक हो गया.

राजस्थान विधानसभा के सदन में सीएम अशोक गहलोत अपने बजट भाषण के दौरान अचानक अटक गए. ष्टरूगहलोत ने सुबह 11 बजे बजट भाषण पढ़ना शुरू किया था. मनरेगा की 125 दिन शहरी रोजगार गारंटी योजना की जानकारी बजट में आते ही सदन में बैठे कई लोगों को इस गलती का ऐहसास हुआ कि सीएम ने पिछले बजट को पढ़ दिया है.

मंत्री महेश जोशी ने सीएम के पास जाकर यह गलती बताई. इसके बाद सीएम ने माफी भी मांगी कि गलती हो जाती है. लेकिन गहलोत भी चौंक गए कि बजट के पेपर में पुराने बजट के कागज कैसे आ गए. हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो स्पीकर ने गहलोत को बजट पेश करने के लिए कहा. इसके बाद गहलोत ने कहा, 'एक पेज गलत आ गया था, वो गलत पढ़ लिया. इसमें बजट लीक की बात कहां से आ गई. बजट की कॉपी सब में डिस्ट्रीब्यूट होगी. जनता बजट का इंतजार कर रही है ऐसे में विपक्ष की हरकते देख कर लोग बीजेपी वालों को माफ नहीं करेंगे.'

### आंख में मिर्च पाउडर डालकर 85800 रुपए की लूट

**रायपुर,10 फरवरी।** बाइक सवार अज्ञात दो युवकों ने आंख में मिर्च पावडर डालकर चाकू की नोक पर बैग में रखे 85800 रुपए लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार विजय नगर भनपुरी निवासी प्रार्थी रमाकांत सोनी 44 वर्ष कल रात अपनी बाइक से घर जा रहा था तभी एक्सप्रेस वे ईरानी डेरा के पास राजातालाब में बाइक सवार दो युवक ने प्रार्थी को ओव्हरटेक कर प्रार्थी के आंख में मिर्च पावडर डाल दिया। जिससे प्रार्थी रूका तो आरोपियों ने चाकू की नोक पर प्रार्थी के बैग में रखे 85800 रुपए लूटकर भाग निकले। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 394 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# जिस विषय पर पीएम को बोलना चाहिए था उस पर कुछ नहीं बोले : भूपेश बघेल

### भाजपा के हाथों में खेल रहा राजभवन



**रायपुर,10 फरवरी।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरक्षण मुद्दे पर एक बार फिर राजभवन पर निशाना साधते हुए कहा, राजभवन बीजेपी के हाथों में खेल रहा है, हमारे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है.

सीएम भूपेश बघेल ने रायपुर पुलिस ग्राउंड हेलीपैड में पत्रकारों से चर्चा की, जिसमें ओल्ड पेंशन स्कीम के सवाल को लेकर जवाब देते हुए कहा कि हमारे पास जो पैसा जमा रहेगा वो देंगे. इसमें सारे कंडीशन है. आईएएस नीरज बंसोड़ को गृहमंत्री के निजसचिव बनाये जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा, यह सवाल उनसे पूछना चाहिए जहां चुनाव हो रहे है. वही के अधिकारियों की क्यो नियुक्ति हो रही है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पं.नेहरू को लेकर की गई टिप्पणी पर सीएम बघेल ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री सीना ठोक-ठोक के बात कर रहे थे. जो बात कहनी थी वो बात नहीं किये. पीएम मोदी ने अडानी के बारे में कुछ नहीं बोला. देश जो सुनना चाहता है उसके बारे में वो नहीं बोले. अडानी दूसरे से 23 नंबर पर कैसे पहुंच गए. सीएम बघेल ने आगे कहा, राहुल गांधी ने यही पूछा था कि शेयर कंपनी पर कोई जांच नहीं हुई. ईडी और आईटी की रेड पड़ते ही संपत्ति अडानी को हैंडओवर हुआ. अपने मित्र को फायदा पहुंचाने के लिये ईडी-आईटी का उपयोग कर रहे है. राज्यपाल की आपत्ति पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने बयान में कहा, व्यक्तिगत तौर पर मैं राज्यपाल का बहुत सम्मान करता हूँ, वो मेरी बड़ी बहन हैं, लेकिन राजभवन भारतीय जनता पार्टी के हाथों में खेल रहा है, यह हमारे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है. आर्टिकल 200 के तहत तीन ही काम राज्यपाल कर सकती हैं, या तो दस्तखत करे, या लौटा दें या अनंत काल तक अपने पास रोक दें, लेकिन अनंत काल का मतलब इतना लंबा समय नहीं होता. राज्यपाल छोड़े गए ग्रे एरिया का दुरुपयोग कर रही हैं.

### सुको ने बीबीसी डॉक्यूमेंट्री पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका की खारिज

**नई दिल्ली,10 फरवरी।** सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों से संबंधित 'इंडियाः द मोदी क्वेश्चन' शीर्षक वाले डॉक्यूमेंट्री के प्रसारण के मद्देनजर ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) और बीबीसी इंडिया पर भारतीय क्षेत्र से संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग करने वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों पर पीएम मोदी के खिलाफ बीबीसी डॉक्यूमेंट्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग वाली याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ताओं से पूछा ÷आप इस पर बहस भी कैसे कर सकते हैं? यह पूरी तरह से गलत है। कोर्ट एक डॉक्यूमेंट्री पर प्रतिबंध कैसे लगा सकता है? जस्टिस संजीव खन्ना और एमएम सुंदरेश की बेंच ने कहा कि याचिका गलत है और कोर्ट सेंसरशिप नहीं लगा सकता है। पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता पिंकी आनंद से पूछा ÷पूरी तरह से गलत समझा गया, यह भी कैसे तर्क दिया जा सकता है? आप चाहते हैं कि हम पूरी तरह से सेंसरशिप लगा दें..यह क्या है? आनंद ने अनुरोध किया कि याचिकाकर्ता को सुना जाए। हिंदू सेना ने 2002 के गुजरात दंगों पर डॉक्यूमेंट्री, इंडियाः द मोदी क्वेश्चन के प्रसारण के लिए ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी।




### कचरा फेंकने पर मारपीट

**रायपुर,10 फरवरी।** राजधानी रायपुर में आए दिन बदमाशों की गुंडागर्दी बढ़ती जा रही है। जिससे लोगों का जीना दुभर हो गया है। जिसकी रोकथाम करने में पुलिस नाकाम नजर आ रही है। ऐसा ही एक मामला रायपुर के चंगोराभाठा इलाके का है जहा श्रीरामनगर में खुले में कचरा फेंकने के विवाद को दो चार बदमाशों ने मोहल्ले के ही पूजा यादव और ससुर गंगाराम यादव को लाठी डंडे और लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस मारपीट में मुकेश, शुभम श्रीवास्तव एवं अन्य परिवार के लोगों ने इतना मारा की युवती के चेहरे पर कई गम्भीर चोटें आई और उनके ससुर के एक हाथ तक तोड़ डाले। इसकी शिकायत डीडी नगर पुलिस थाना में किया गया।

# क्रिप्टो का खेल, अंतर्राज्यीय ठग गिरोह का भंडाफोड़

**रायपुर,10 फरवरी।** देशभर में क्रिप्टो करेंसी कम्पनी के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है. पुलिस ने 2 अलग-अलग मामले में गिरोह के 3 आरोपियों को तमिलनाडू और कर्नाटक से गिरफ्तार किया है. दोनों मामले में आरोपियों ने पीड़ित और उसके साथियों के साथ 27 लाख रुपये से अधिक की ठगी की है. जिसका खुलासा एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने की है. 300 दिनों में रकम तीन गुना करने का प्रलोभन देकर लोगो को झांसे में लेकर बनाते थे अपना शिकार। लोगों को अपने झांसे में लेने हेतु अलग-अलग राज्यों में करते है सेमिनार का आयोजन। प्रार्थी से कुल 14,00,000/- रूपये की किये है ठगी। गिरोह के मैनेजर



प्रकाश रेड्डी को बैंगलोर कर्नाटक एवं आरोपी एजेंट एस. भूपति को सेलम तमिलनाडू से किया गया है गिरफ्तार। आरोपियों को गिरफ्तार ट्रांजिस्ट रिमाण्ड पर लाया गया है रायपुर। आरोपी प्रकाश रेड्डी से घटना से संबंधित 01 नग मोबाईल फोन किया गया है जप्त। आरोपी प्रकाश रेड्डी का पुलिस रिमाण्ड लेकर की जा रही है विस्तृत पूछताछ। घटना में संलिप्त अन्य आरोपी है फरार, जिनकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने के किये जा रहें है हर संभव प्रयास। आरोपियों के विरूद्ध थाना आरंग में अपराध क्रमांक 31/2023 धारा 420, 34 भादवि. का अपराध किया गया है पंजीबद्ध। प्रकाश रेड्डी पिता वेंकट रमना रेड्डी उम्र 47 साल निवासी म.नं. 314 मोनेको पर्ल अपार्टमेन्ट 19 आर.क्रॉस भूनेश्वरी नगर थाना अमरूधहाल्ली जिला बेंगलूरू नार्थ कर्नाटक। एस.भूपति पिता सुन्दरामूर्ति उम्र 38 साल निवासी हाउस नं 830 जयकृष्णा गार्डन अईय्यन नगर थाना कन्नाकुरूच जिला सेलम तमिलनाडू बता दें कि, क्रिप्टो करेंसी कम्पनी के नाम पर गिरोह लोगों को 300 दिनों में रकम तीन गुना करने का लालच देकर ठगी करते थे. इतना ही नहीं लोगों को अपने झांसे में लेने के लिए अलग-अलग राज्यों में करते सेमिनार का आयोजन करते थे. ऐसे में पीड़ित और उसके साथी ने पुलिस से 13 लाख 13 हजार रुपये ठगी करने की शिकायत की, जिसके बाद जांच में जुटी पुलिस ने गिरोह के कम्पनी का सदस्य इमरान बाशा. एम. को कोयम्बटूर तमिलनाडू से गिरफ्तार किया है. जानकारी के अनुसार, आरोपी को गिरफ्तार कर ट्रांजिस्ट रिमाण्ड पर रायपुर लाया गया है.



# फोरलेन के दोनों ओर पेवर ब्लॉक लगाने महापौर ने किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 10 फरवरी।** भिलाई-चरोदा को धूल से मुक्ति दिलाने नगर निगम ने अपने जज्बे को साफ कर दिया है। इसके लिए सौ लाख रुपए की लागत से फोरलेन सड़क के दोनों ओर डामरीकरण से मुक्त जमीन पर पेवर ब्लॉक लगाया जाएगा। महापौर निर्मल कोसरे ने सिरसा चौक पर इस कार्य का भूमिपूजन किया। शहर को साफ सुथरा बनाने के साथ ही सौंदर्यीकरण की दिशा में नगर निगम भिलाई-चरोदा ने जनभावनाओं के अनुरूप योजनाओं को साकार करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में महापौर निर्मल कोसरे ने सौ लाख रुपए के विकास कार्य का भूमिपूजन किया। इस राशि से फोरलेन सड़क के दोनों ओर पेवर ब्लॉक लगाया जाएगा। यह कार्य भिलाई -चरोदा नगर निगम की सीमा डबरा पारा से चरोदा के जंजगिरी मोड़ तक किया जाएगा। फोरलेन सड़क के दोनों दिशा में गुजरने वाली मेन कैरिज वे और सर्विस लेन के बीच डामरिकरण से मुक्त जमीन पर पेवर ब्लॉक लग जाने के बाद राहगीरों को धूल उड़ने समस्या से मुक्ति मिल जाएगी। वहीं बसाहट वाले क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भी राहत मिलेगी। इस भूमिपूजन अवसर पर एमआईसी सदस्य मोहन साहू, दीप्ति आशीष वर्मा, एस वेंकट रमना, देव कुमारी भलावी, पार्षद टेनेन्द्र ठाकरे, ईश्वर साहू, डे साहब वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष मनोज मढ़रिया, महामंत्री पप्पू चंद्राकर, कुमुद मढ़रिया, जिला उपाध्यक्ष असफाक अहमद, इंद्रजीत यादव, उपेंद्र पाल, मो. आमिर, अनिल सिन्हा, बाबू जाफर, मो.जुनैद, शरद यादव, तरुण सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### भिलाई-चरोदा का सौंदर्य में आएगा निखार-महापौर

महापौर निर्मल कोसरे ने बताया कि सौ लाख रुपए की लागत से फोरलेन सड़क के दोनों ओर पेवर ब्लॉक लगने से शहर के सौंदर्य में निखार आएगा। वहीं आने जाने वालों को धूल से होने वाली परेशानी से मुक्ति मिल जाएगी। इसके अलावा जगह की उपलब्धता के आधार पर फोरलेन के दोनों तरफ हरियाली बिखेरने का काम भी किया जा रहा है। सिरसा चौक से भिलाई-3 थाने तक हरियाली बिखेरने का काम किया जा चुका है। इस तरह का काम शहर के अन्य सड़कों पर भी आने वाले दिनों में नजर आएगा।

## एक नजर



### नवनियुक्त एमआईसी सदस्य चन्द्र प्रकाश ने किया पदभार ग्रहण

**रिसाली।** नगर पालिक निगम रिसाली के महापौर परिषद के सदस्य चन्द्रप्रकाश सिंह निगम के कार्यालय पहुँचकर पदभार ग्रहण किया। बृहस्पतिवार को महापौर शशि सिन्हा, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री जितेन्द्र साहू, सभापति केशव बंछोर ने पदभार ग्रहण कराया। संगठन के पदाधिकारी और शहर सरकार की उपस्थिति में चन्द्रप्रकाश सिंह निगम के राजस्व, बाजार तथा वाहन विभाग के रूप में कामकाज सम्हाला। सहयोगियों और संगठन से चर्चा उपरांत महापौर परिषद के नए सदस्य ने पहले आयुक्त से मुलाकात कर औपचारिक चर्चा की। इसके बाद राजस्व विभाग, वाहन शाखा के अधिकारियों से चर्चा कर कामकाजों को समझा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग के किसी भी नीतिगत निर्णय लेने से पहले वे विधिवत समीक्षा बैठक करे। इसके बाद आयुक्त के संज्ञान में लाने के बाद उसे अमल में लाएं। पदभार ग्रहण के अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य चन्द्रभान ठाकुर, गोविंद चतुर्वेदी, अनुप डे, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, परमेश्वर, पार्षद रेखा देवी, डॉ. सीमा साहू, शीला नारखेड़े, विनय नेताम, रंजीता बेनुआ, रोहित धनकर, संजू नेताम, टिकम साहू, सरिता देवांगन, पार्वती, संगीता सिंह, संध्या वर्मा, मो. निजाम, शिशिर साहू, संतू दास मानिकपुरी, तरूण बंजारे, जी राहुल, ब्लॉक अध्यक्ष मुकुंद भाऊ, महामंत्री चन्द्रकांत कोरे आदि उपस्थित थे।

### भिलाई-चरौदा के 309 किरायेदारों का हुआ अपने आशियाने का सपना पूरा



**भिलाई, 10 फरवरी।** प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक एएचपी अंतर्गत मोर मकान मोर आस के तहत शहरी क्षेत्र में किराये के मकानों में अपना जीवन बसर कर रहे 309 लोगों का लॉटरी के माध्यम से आवास आवंटन किया गया। उल्लेखनीय है कि भिलाई चरौदा के दो वार्डों उरला एवं सिरसाकला में निर्मित आवासों क्रमशः 281 एवं 48 यूनिट मकानों को नागरिकों को बेहतर सुविधा और अपने मकान का सपना पूरा करने के उद्देश्य से उपलब्ध कराया जा रहा है। निगम भिलाई चरौदा कार्यालय सभागार में गुरूवार 09 फरवरी को दोपहर 12 बजे से लॉटरी की कार्यवाही प्रारंभ किया गया। खचाखच भीड़ से भरे हुए सभागार में सर्वप्रथम निगम आयुक्त अजय त्रिपाठी ने लॉटरी की प्रक्रिया और नियमों की जानकारी से समस्त उपस्थित संभावित हितग्राहियों को प्रदान की।

309 आवासों के विरूद्ध 364 हितग्राहियों द्वारा आवेदन किया गया था। जिसमें से सर्वप्रथम 15 दिव्यांग एवं वृद्धजनों को प्राथमिकता के आधार पर लॉटरी के माध्यम से उरला एवं सिरसाकला में भूतल (ग्राउंड फ्लोर) में आवास प्रदान किया गया। तत्पश्चात् 349 हितग्राहियों में से प्रथम चरण के 98 एवं द्वितीय चरण में 251 हितग्राहियों का लॉटरी निकाला गया जिसमें 55 हितग्राही प्रतीक्षासूची में रहे। जिन्हें भविष्य में आवास दिलाने की कार्यवाही की जायेगी। उक्त लॉटरी में अपर कलेक्टर अरविन्द कुमार एक्का, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जागेश्वर कौशल, महापौर निर्मल कोसरे, निगम आयुक्त अजय त्रिपाठी, नोडल अधिकारी सुनील जैन, समस्त सीएलटीसी एवं लिपिक मुकेश यादव उपस्थित रहे।

## सीएम पंडरिया विधायक की सुपुत्री के विवाह समारोह में हुए शामिल



**कवर्धा,10 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल कवर्धा के जी श्याम पैलेस में पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर की सुपुत्री के विवाह समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने नव दम्पति को सुखद वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर के परिवार जनों से मिलकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर, संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि आशीष सिंह ने भी शादी में पहुंचकर नव दाम्पत्य वर-वधु को सुखी वैवाहिक जीवन में प्रवेश करने पर शुभ आशीर्वाद दिए। इस अवसर पर श्री नीलकंठ चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री ऋषि शर्मा, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष श्री नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष श्री चोवाराम साहू, जिला पंचायत सदस्य श्री तुकाराम चंद्रवंशी, श्री मुखीराम मरकाम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सीमा अगम अनंत , समाजसेवी श्याम तंबोली , श्रीमती गंगोत्री योगी, श्री गणेश योगी, श्री लाल बहादुर चंद्रवंशी, श्री राजेश शुक्ला, कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, डीएफओ श्री चूड़ामणि सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी वर-वधु को आशीर्वाद दिया।

### युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास पर प्रशिक्षण आयोजित

**उतई, 10 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नेहरू युवा केन्द्र संगठन, युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार नेहरू युवा केन्द्र, दुर्ग के द्वारा युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित एवं सामुदायिक विकास की भावना जागृत करने के उदेश्य से युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत संस्थान केन्द्र अंजोरा दुर्ग में किया गया उक्त कार्यक्रम का आयोजन नितिन कुमार शर्मा, जिला युवा अधिकारी ने.यु.के.दुर्ग के नेतृत्व में किया गया 7 शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया तत्पश्चात नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग लेखा व कार्यक्रम सहायक श्रीमती आरती मिश्रा के द्वारा प्रतिभागियों को कार्यक्रम के उदेश्य से अवगत कराया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को व्यक्तित्व विकास जितेन्द्र सोनी, महेंद्र सिन्हा, प्राप्ति देवांगन, ढालसिंग साहू, आदित्य भारद्वाज द्वारा व्यक्तित्व विकास, महिला सशक्तिकरण एवं बालिकाओं में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर, युवामंडल की स्थापना करना, युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसीत करना,संचार कौशल और सोशल मीडिया का प्रयोग की जानकारियाँ दी गई।

### कौही में महाशिवरात्रि मेला पूर्व शिव महापुराण कथा 9 से प्रारंभ

**उतई, 10 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दुर्ग जिला के अंतिम छोर के ग्राम कौही खारुन नदी तट में स्थित श्री हनुमान मन्दिर परिसर पावन धरा धर्मनगरी में 18 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 9 फरवरी से श्री शिव महापुराण कथा यज्ञ का आयोजन 9 फरवरी से कलश यात्रा से प्रारंभ हो गया है जो की 17 फरवरी को बारह ज्योतिर्लिंग कथा ,शिव जी का श्री हनुमान रूप में प्रगट के साथ संपन्न होगी ,कथा वाचक पंडित सर्वेश्वरानंद सरस्वती जी चित्रकूट होंगे । कथा दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक होगी , महाकाली , स्वयंभू श्री शिव स्थल कौही में प्रथम बार शिव महापुराण कथा आयोजन किया गया है जिससे शिव भक्ति में भारी उत्साह है कथा श्रवणपान करने अंचल के श्रद्धालुजन भारी संख्या में उपस्थित हो रहे है । समिति अध्यक्ष योगेश्वर साहू ने बताया की कौहि मंदिर परिसर में शिव महापुराण कथा कथा के बाद 18 फरवरी शनिवार को महाशिवरात्रि पावन अवसर पर भव्य मेला तीन दिवसीय होगा जिसकी तैयारी मंदिर समिति व प्रशासन द्वारा किया जा रहा है । मेला के लिए अभी से दुकानें लगने लगी है ।

### राजीव युवा मितान क्लब की ओर से योग शिविर का आयोजन


भिलाई, 10 फरवरी। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमे महिलाओं को योग के लिए प्रशिक्षित किया गया और योग के गुर सिखाए गए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं तथा खेल, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। भिलाई नगर विधायक एवं राजीव युवा मितान क्लब के राज्य स्तर के समन्वयक देवेंद्र यादव तथा भिलाई निगम के महापौर नीरज पाल के नेतृत्व में राजीव युवा मितान क्लब वार्ड क्षेत्रों में खेल का आयोजन कर खेल गतिविधियों को बढ़ावा देते हुए लोगों को इससे जोड़ने का काम कर रहे हैं। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने मार्गदर्शिका के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए है। इसी कड़ी में सामाजिक गतिविधियों के तहत शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कुष्ठ उन्मूलन, प्रतिबंधित प्लास्टिक मुक्त अभियान, पर्यावरण संरक्षण, एड्स से बचाव आदि का संदेश राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा प्रसारित किया जा रहा है।

## नगर सेवाएँ विभाग में राजभाषा परिचर्चा सह कार्यशाला का हुआ आयोजन



**भिलाई, 10 फरवरी।** नगर सेवाएँ भवन सभागार में बुधवार 8 फरवरी को राजभाषा परिचर्चा-सह-कार्यशाला का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबन्धक प्रभारी नगर सेवाएँ विभाग एस प्रहराज उपस्थित थे। प्रहराज ने अपने वक्तव्य में कहा कि वे व्यक्तिगत रूप से उड़ीसा के रहने वाले हैं, उनके कैरियर की शुरुआत राउरकेला से हुई। बोलने में कठिनाइयाँ रहीं किन्तु भिलाई आकर उन्होंने हिन्दी में कार्य करना आरम्भ कर दिया और सीखना अब तक जारी है। कार्यक्रम के प्रारंभ में सहायक महाप्रबन्धक एवं हिन्दी समन्वय अधिकारी यशवन्त कुमार साहू द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। अनुभाग अधिकारी मुकुन्द दास मानिकपुरी ने कार्यक्रम का संचालन किया। परिचर्चा का विषय था, राष्ट्र के विकास में हिन्दी का स्थान। जिसके अन्तर्गत वक्ता प्रतिभागियों ने ऐतिहासिक एवं वर्तमान घटनाक्रमों के उदाहरणों के साथ अपने विचार रखे। परिचर्चा कार्यक्रम दो चक्रों में सम्पन्न हुआ। दूसरे चक्र में श्रोताओं ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में वक्ताओं की प्रस्तुतियों के मूल्यांकन के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग के सहयोग और मार्गदर्शन में दो मूल्यांकनकर्ता के रूप में उप महाप्रबन्धक सामग्री प्रबन्धन कौशल किशोर शर्मा एवं सहायक महाप्रबन्धक वित्त स्मिता जैन उपस्थित थे। इन्होंने मूल्यांकन पश्चात प्रतिभागियों के कौशल विकास हेतु अपने विशेषज्ञ उद्बोधन प्रस्तुत किये। इसके अन्तर्गत उन्होंने बताया कि किस प्रकार प्रस्तुति के दौरान विषय पर सतत् पकड़ कायम रखनी चाहिए। विचारों में मौलिकता के महत्व और उसकी प्रभावशीलता पर भी ध्यानाकर्षण कराया गया। क्रमशः मूल्यांकन के आधार पर, श्रेष्ठ प्रस्तोता का पुरस्कार डॉ शीतल चन्द्र शर्मा, शिक्षक शिक्षा विभाग, श्रेष्ठ विचारक का पुरस्कार सुकदेव सोनवानी, सहायक प्रबन्धक सिविल, श्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार राजेश कुमार गुप्ता व्याख्याता को प्रदान किया गया। मनीष तिवारी, व्याख्याता शिक्षा विभाग, कौशल उपाध्याय वरिष्ठ स्टाफ सहायक शॉप अनुभाग संजय कुमार भुवाल वरिष्ठ व्याख्याता शिक्षा विभाग, अजय बनर्जी, सम्पदा निरीक्षक आलोक ताम्रकार, वरिष्ठ प्रचालक इन्दु दुबे, ओसीटी सत्यनारायण साहू, व्याख्याता पूरन लाल साहू, वरिष्ठ प्रबन्धक को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया। आलोक ताम्रकार के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### पीईएसबी ने निदेशक कार्मिक, आरआईएनएल के लिए डॉ सुरेश चंद्र पांडेय के नाम की अनुशंसा



भिलाई, 10 फरवरी। भारत सरकार के लोक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने निदेशक कार्मिक, राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड आरआईएनएल, विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश के पद के लिए डॉ सुरेश चंद्र पांडे की सिफारिश की है। वे वर्तमान में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के सेलम स्टील प्लांट में मुख्य महाप्रबंधक कार्मिक और प्रशासन रूप में कार्यरत हैं। डॉ. पांडे को विभिन्न संयंत्रों में कार्मिक और प्रशासन प्रभाग के विभिन्न कार्य क्षेत्रों में तीन दशकों से अधिक का अनुभव प्राप्त है। इससे पहले, डॉ पांडे बोकारो स्टील प्लांट बीएसएल में महाप्रबंधक कार्मिक थे। इससे पहले उन्होंने चंद्रपुर फेरो-एलॉय प्लांट सीएफपी, चंद्रपुर, महाराष्ट्र में भी काम किया है। पांडे रांची विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातक हैं।

## निकुम में जिला स्तरीय कर्मा महोत्सव का आयोजन 19 फरवरी को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 10 फरवरी।** जिला साहू संघ दुर्ग, तहसील साहू समाज दुर्ग ग्रामीण, परिक्षेत्रीय साहू समाज निकुम एवम् स्थानीय साहू समाज निकुम के संयुक्त तत्वावधान में 19 मार्च दिन रविवार को विशाल कर्मा महोत्सव के आयोजन हेतु स्थानीय साहू समाज निकुम के कर्मा भवन में नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। बैठक को श्रीमती रागिनी साहू भीखम साहू सलाहकार जिला साहू दुर्ग, श्रीमती दिव्या कलिहारी उपाध्यक्ष जिला साहू दुर्ग, पुसऊ राम साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण,श्रीमान जगदीश दीपक जी सलाहकार तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण, खेमलाल साहू महासचिव तहसील साहू संघ पाटन, किशोर साहू पाटन ने भी कार्यक्रम को लेकर अपना विचार रखे। बैठक का संचालन दयाराम साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ ग्रामीण एवं आभार प्रदर्शन उमा शंकर साहू महासचिव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नंदलाल साहू ने कहा कि जिला साहू संघ दुर्ग का जिला स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन ग्राम निकुम में किया जाएगा द्य कार्यक्रम एक दिवसीय है जो कि दो सत्र में सम्पन्न किया जाएगा द्य प्रथम सत्र में समाज की महिलाओ द्वारा भक्त माता कर्मा की 1007 वी जयंती के अवसर पर 1007 कलश से शोभा यात्रा किया जाएगा, ततपश्चात महिला सम्मेलन होगी द्य दूसरे सत्र में सामाजिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमे समाजिक मुर्धयन्त्र द्वारा सम्बोधन किया जाएगा द्य बैठक में प्रमुख रूप से नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग, श्रीमति दिव्या कलिहारी उपाध्यक्ष, भीखम साहू सलाहकार,श्रीमती रागिनी साहू सलाहकार, यतीश साहू समन्वयक दुर्ग, खेमलाल साहू महासचिव पाटन, दिलीप साहू कोषाध्यक्ष दुर्ग, किशोर साहू पाटन,सुनील साहू छात्रावास अधीक्षक,अश्वनी साहू,,पुसउ राम साहू अध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण, उमाशकर साहू महासचिव, दयाराम साहू गुरुजी उपाध्यक्ष श्रीमति सुशील साहू उपाध्यक्ष,सलाहकार, श्रीमति मंजू साहू, श्रीमति देवीश्री साहू संयोजिका दुर्ग, जगदीश दीपक साहू, डॉ टिकम साहू, प्रीतम साहू, श्रीमति लक्ष्मी साहू, सुनील साहू, ढालेश साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष गन घनश्याम साहू निकुम, नंदकुमार गजपाल खोपली, फूलचंद साहू जुनवानी, खिलावन साहू पुरई, भेखाराम साहू नगपुरा, गजेंद्र साहू, धनेश साहू, देवीलाल साहू, सोमकुमार साहू, रोहित साहू, त्रिलोकी साहू, पीलूराम साहू, बालाराम साहू, नरेश साहू, वरुण साहू, बिसाल साहू, गोपाल साहू, सोमन साहू, शिवनंदन साहू, रामप्रसाद साहू, रमेश साहू, पीताम्बर साहू, नारायण साहू, चिमन साहू, दयाशंकर साहू, राजकुमार साहू, कार्तिक साहू, सावित्री साहू, टोमेश्वरी साहू, नीलू साहू, जिनेश्वरी साहू, पार्वती साहू, झमित साहू, कल्याणी साहू, भगवती साहू, हेमलता साहू, कीर्ति साहू, खेदा साहू, लक्ष्मी साहू, सरस्वती साहू, शंकुन्तला साहू सहित समाजिक पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे ।

## विधायक देवेन्द्र यादव ने जमीन में बैठ कर लोगों से की भेंट-मुलाकात



**भिलाई, 10 फरवरी।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव बृहस्पतिवार को वार्ड 38 सोनिया गांधी नगर पहुंचे। जहां उन्होंने वार्ड वासियों को मनोकामना ज्योति कलश भवन और सार्वजनिक शौचालय की सौगात दी। ज्योति कलश भवन और शौचालय का लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहाँ विधायक यादव वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों के साथ मिलकर फीता काटा और लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक यादव ने नागरिकों को सम्बोधित करते हुए कहा काफी दिनों से आप सब की मांग थी कि मंदिर परिसर में एक ज्योति कलश भवन बनाया जाए। जो माँग आज पूरा हो गया। मंदिर में हर नवरात्र पर्व पर भक्त गण सैकड़ों की संख्या में ज्योति कलश जलवाते है,भक्तों की संख्या बढ़ने से यहाँ ज्योति कलश रखने की जगह नहीं थी पर अब इस नवरात्र पर्व में सैकड़ों भक्त अपना ज्योति कलश जलवा सकेंगे। इसी प्रकार वार्ड वासियों के लिए एक शौचालय की बहुत जरूरत थी। लोगों को बड़ी परेशानी हो रही थी लेकिन अब कोई समस्या नहीं होगी। इसी तरह से हम लगातार खुर्सीपार, छावनी,सहित पूरे भिलाई में लगातार काम करते जा रहे है। आज हर वार्ड में जरूरी मुलभूत सुविधाओं को डेवलप करा रहे है। लोकार्पण समारोह के अंत मे वार्डवासियों ने विधायक यादव का दिल से आभार व्यक्त किया।

### जमीन पर बैठकर चर्चा

इसके साथ ही विधायक यादव भेंट मुलाकात किए। और सबका कुशलक्षेम जाना। बारी-बारी से लोगों से मिले। फिर जमीन पर चटाई बिछा कर बैठ कर सब के साथ वार्ड के विकास और समस्याओं को लेकर लंबी और सार्थक चर्चा की।


### वार्ड का निरीक्षण भी किया

भेंट मुलाकात के दौरान विधायक यादव लोगों के साथ वार्ड का भ्रमण किये।चर्चा करते हुए वार्ड और शहर के विकास के लिए और क्या कर सकते हैं। कहीं कोई समस्या तो नहीं है। निकासी सही तरीके से हो रही है।

### प्रतिबंधित प्लास्टिक और कचरा फैलाने वालों पर लगातार कार्रवाई


**भिलाई, 10 फरवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में प्लास्टिक मुक्त अभियान को लेकर कार्रवाई निरंतर जारी है, निगम के सभी जोन कार्यालयों में स्वास्थ्य विभाग की टीम शहर में प्लास्टिक एवं झिल्ली पन्नी के कचरों के रोकथाम के लिए बाजार व व्यावसायिक क्षेत्र में कार्रवाई कर रहे है। टीम के द्वारा निरीक्षण के दौरान कहीं भी प्लास्टिक या अन्य कचरा फैलाते हुए पाए जाने पर उनसे जुर्माना भी लिया जा रहा है। बाजार क्षेत्र में प्रतिबंधित झिल्ली, पन्नी विक्रय एवं उपयोग करते हुए पाए जाने पर प्रतिबंधित सामग्री को जप्त किया जा रहा है। निगम की टीम ने प्रकाश बुटीक से 1500 रुपए, बुरहानपुर जलेबी से 2000 रुपए, महेश धृतलहरे से 2000 रुपए, साई फर्नीचर से 2000 रुपए, साउंड एंड साउंड से 1000 रुपए, साउंड आइडिया से 3000 रुपए का जुर्माना वसूल किए। भिलाई शहर से झिल्ली, पन्नी के कचरों को समाप्त कर प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए लगातार बाजार तथा व्यावसायिक क्षेत्रों एवं दुकानों में निरीक्षण कर प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर जब्त बनाने की कार्रवाई की जा रही है, ताकि हमारा शहर साफ सुथरा हो और झिल्ली पन्नी के कचरों से फैलने वाले दुष्प्रभाव की रोकथाम हो सके। इसके लिए निगम प्रशासन द्वारा सभी जोन कार्यालयों में गठित टीम द्वारा अलग-अलग जगहों पर दुकानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में छपेमार कार्रवाई की जा रही है। जहां भी सिंगल यूज प्लास्टिक व प्रतिबंधित प्लास्टिक, पानी पाउच, गिलास, प्रतिबंधित झिल्ली, पन्नी, प्लास्टिक का दोना, पत्तल व प्लास्टिक अन्य सामग्री जो प्रतिबंधित है ।

### साइकिल चोर गिरफ्तार



**भिलाई,10 फरवरी।** भिलाई वैशालीनगर थाना पुलिस ने एक ऐसे चोर को गिरफ्तार किया है जो दुर्ग जिले की अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर साइकिल चोरी को अंजाम दिया है। चोर के कब्जे से पुलिस ने 11 साइकिल बरामद किया है वैशाली नगर त्रिनाथ त्रिपाठी ने बताया कि 8 फरवरी को टाउन पेट्रोलिंग के दौरान अर्जुन नगर कैम्प-1 के पास मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति साइकिल बेचने के फिराक में एक व्यक्ति घुम रहा है। सूचना पर व्यक्ति को रोककर नाम पता पुछने पर उसने अपना नाम अजय बंजारे ,( 25 साल) निवासी अर्जुन नगर केम्प 1 भिलाई बताया। साइकिल के कागजात पेश नहीं कर पाया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 3 माह पूर्व सुन्दर नगर गॉर्डन के पास करीबन सुबह 9 से 12 बजे के बीच में एक लेडिस सायकल चोरी कर घर में रखा तथा कुछ समय बाद दुबारा उसी जगह से एक रेंजर सायकल चोरी किया उसे भी अपने घर में रखा चोरी के 04-05 दिन बाद शांति नगर दशहरा मैदान गॉर्डन के पास से रेंजर सायकल को चोरी कर घर में छिपा कर रख दिया।

## मुंबई के डॉक्टरों ने हेमोडायनामिक मॉनिटरिंग की कार्यशाला में दी विस्तार से जानकारी



**भिलाई, 10 फरवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र के बीएमडीसी (भिलाई प्रबंधन विकास केंद्र) में अखिल भारतीय इस्पात चिकित्सा अधिकारियों के सम्मेलन के तहत प्री-कॉन्फ्रेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसकी मेजबानी और आयोजन भिलाई में 9 से 12 फरवरी तक किया जा रहा है। उद्घाटन अवसर पर कार्यपालक निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन एम एम गद्रे, सीएमओ प्रभारी डॉ एम रवींद्रनाथ, सीएमओ डॉ प्रमोद बिनायके, मुख्य महाप्रबंधक एचआरडी एवं बीई संजय धर, टाटा मेमोरियल अस्पताल, मुंबई के एनेस्थीसिया विभाग के प्रोफेसर डॉ शिल्पुश भोसले और टाटा मेमोरियल अस्पताल, मुंबई के एनेस्थीसिया विभाग के प्रोफेसर डॉ अमोल कोठियानार मंचस्थ थे। टाटा मेमोरियल अस्पताल, मुंबई के एनेस्थीसिया विभाग के प्रोफेसर डॉ शिल्पुश भोसले और टाटा मेमोरियल अस्पताल, मुंबई के एनेस्थीसिया विभाग के प्रोफेसर डॉ अमोल कोठियानार ने हेमोडायनामिक मॉनिटरिंग विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। प्रारंभ में बीएसपी के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के सीएमओ प्रभारी डॉ एम रवींद्रनाथ ने अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस अवसर पर जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र के पूर्व निदेशक डॉ शैलेंद्र जैन, पूर्व-संयुक्त निदेशक डॉ. मीना जैन एवं पूर्व-संयुक्त निदेशक डॉ ज्योति नरूला भी उपस्थित थे। सभी प्रतिभागी चिकित्सकों ने इस कार्यशाला को अत्यधिक प्रभावी बताया। साथ ही भाग लेने वाले डॉक्टरों ने इस तरह की ज्ञानवर्धक कार्यशाला के आयोजन को बेहद उपयोगी निरूपित किया। दूसरे सत्र में जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, भिलाई के निश्चेतना विभाग की प्रमुख डॉ तनुजा आनंद मुख्य परामर्शदाता, डॉ जयिता सरकार मुख्य सलाहकार, डॉ अमित अग्रवाल मुख्य सलाहकार और डॉ शिखा अग्रवाल सलाहकार के मार्गदर्शन में बेसिक लाइफ सपोर्ट पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीपीआर देने की तकनीक को विस्तार से प्रदर्शित किया गया जिसे प्रतिभागियों ने बड़े गौर से आत्मसात किया।

### डॉक्टर से लाखों की ठगी

**भिलाई, 10 फरवरी।** भिलाई नेवई थाना अंतर्गत एक डॉक्टर से 2.25 लाख रुपए की ठगी का शिकार हो गया। अज्ञात कॉलर ने खुद को आर्मी अफसर बताते हुए डॉक्टर को स्वास्थ्य शिविर लगाने के नाम 75 हजार रूपए खाते में ट्रांसफर करने की बात कही। डॉक्टर ने खाता चेक किया तो रुपए खाते में क्रेडिट नहीं हुए इसके बाद कॉल करने पर कथित आर्मी अफसर ने वीडियो कॉल पर पेटीएम अकाउंट दिखाने कहा यहीं पर डॉक्टर से चूक हो गई और वह झांसे में आकर अपना पेटीएम अकाउंट को वीडियो कॉल के जरिए दिखा दिया। इसके बाद डॉक्टर के खाते से तीन बार कुल 2 लाख 25000 रूपए कट गए ।

## एक नजर

### दो बाइकों की भिड़ंत में दोनों चालक घायल, पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल



**चारामा, 10 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शुक्रवार सुबह 11 बजे के करीब दो मोटरसाइकिल सवार आपस में सड़क हादसे के शिकार हो गए हैं घटना चारामा से लगभग सात किलोमीटर की दूरी पर ग्राम बाबुकोहका के पास ढ़ाबे के आस पास की बताई जा रही है दोनो घायलों को उचित उपचार के लिए तत्काल हाइवे पेट्रोलिंग पुलिस की मदद से चारामा के रानी दुर्गावती सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया जहाँ चिकित्सकों के द्वारा घायलों का उपचार किया जा रहा है । सड़क हादसे में घायल एक बाईक सवार निखिलेश यादव पिता चिंता राम यादव निवासी ग्राम उड़कुड़ा जो ग्राम पंचायत आँवरी के सचिव तो वहीं घायल दुसरे व्यक्ति को ग्राम चिनौरी निवासी मोहपाल पिता अभिराम उम्र 40 वर्ष को रिटायर्ड आर्मी के जवान बताए जा रहे हैं ।

### जिले के 27 दिव्यांग बच्चों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

**कांकेर 10 फरवरी ।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के मार्गदर्शन में समग्र शिक्षा समावेशी शिक्षा के तहत् जिले के शालाओं में अध्यनरत 27 दिव्यांग बच्चों को विभिन्न संस्थाओं का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण को जिला शिक्षा अधिकारी श्री भुवन जैन द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रायपुर के लिए रवाना किया गया, साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी भ्रमण दल के दिव्यांग बच्चों व सहयोगी को शुभकामनाएं देते हुये कहा की पढ़ाई के साथ-साथ हमें नये-नये जगह घूमने का अवसर मिला है जिससे हमें बहुत सी नये जानकारियॉ व ज्ञान भी मिलती है, सभी बच्चें अच्छे से घूमें और अच्छे से पढ़ाई कर जिले का नाम रोशन करें भ्रमण में सर्वप्रथम अजीम प्रेमजी फॉडेशन स्कूल शंकरदहा धमतरी का भ्रमण कराया गया व सभी दिव्यांग बच्चों को स्कूल में बच्चों की पढ़ाई, लाईब्रेरी संचालन आदि का विस्तार से जानकारी दिया गया। तत्पश्चात पुरखौती मुक्तांगन, साइंस सेंटर व नया रायपुर का भ्रमण कराया गया। इस प्रकार दिव्यांग बच्चों को विभिन्न संस्थानों का जानकारी दिया जाकर पुरखौती मुक्तांगन बस्तर के विभिन्न सांस्कृतिक परम्परा के संबंध में बताया गया। सभी बच्चों ने उत्साह एवं तन्मयता के साथ इस भ्रमण कार्यक्रम का आनंद लिया तथा भविष्य में भी इस तरह के भ्रमण में और जाने की इच्छा जाहिर किये। भ्रमण के दौरान जिला कार्यालय से सहायक कार्यक्रम समन्वयक पंकज श्रीवास्तव, विनोद राजपूत, बी.आर.पी. समावेशी शिक्षा डिकेश साहू, दीपक सोनवानी, भीमसिंह ध्रुव के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में सभी संस्थाओं का भ्रमण कराया गया।

### समग्र शिक्षा समावेशी शिक्षा अंतर्गत क्षमता निर्माण प्रशिक्षण दिया गया

**कांकेर 10 फरवरी ।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के मार्गदर्शन में समग्र शिक्षा समावेशी शिक्षा के तहत् जिले के चिन्हांकित प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के प्रधान अध्यापकों, शिक्षकों, दिव्यांग बच्चों के पालकों व दिव्यांग बच्चों के सहपाठियों के लिए जिला स्तरीय क्षमता निर्माण उन्मुखीकरण कार्यशाला गत दिवस जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाईट कांकेर में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक के द्वारा मॉ सरस्वती के छायाचित्र में दीप प्रज्जवलीत कर किया गया।प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शालाओं व अपने कक्षा में अपने सहपाठियों के साथ एक समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रेरित करना व शिक्षकों, पालकों, सहपाठियों के बीच शालाओं में बिना किसी भेदभाव के क्षमता निर्माण कर सामान्य बच्चों के साथ दिव्यांग बच्चों का अध्यापन पीयर ग्रुप बनाकर आवश्यक सहयोग प्रदान करना, दिव्यांगजन अधिनियम 2016 एक्ट के तहत् 21 प्रकार के दिव्यांगता की जानकारी, दिव्यांग बच्चों का समावेशी शिक्षा के माध्यम से समाज के मुख्यधारा से जोड़ने, दिव्यांग बच्चों को शाला में आ रहे समस्याओं का निदान, बच्चों को मिलने वाली सुविधाऐं के बारे में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा श्री आर.पी. मिरे ने कहा की प्रशिक्षण में सीखे बातों को ज्यादा से ज्यादा दिव्यांग बच्चों व पालकों तक पहुचायें व कोई भी दिव्यांग बच्चें शासन के योजना से छुटे नहीं, सभी को एक समान अधिकार मिलें।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स दीपक सोनवानी, श्रीमती सरोज पाण्डेय, भूपेश साहू व श्रीमती रेखा खण्डुरी, बी.आर.पी. समावेशी शिक्षा सहित ए.पी.सी. श्री पंकज श्रीवास्तव, समावेशी शिक्षा व सभी विकासखण्ड के प्रतिभागी शिक्षक, पालक, व सहपाठी उपस्थित थे।

### एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**जगदलपुर 10 फरवरी ।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन बादल अकादमी आसना में किया गया है। इसमें जिला के जल वाहिनी, वीडब्ल्यूएससी, आईएसए, टीपीआई आदि को जल जीवन मिशन से संबंधित नियम, उद्देश्य, समुदाय में सहभागिता के विषय में श्रीमती ज्योत्सना सूना श्रीमती नेहा साहू एवं आशिष साहू द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

# 6 सूत्रीय मांगों को लेकर शासकीय राशन दुकान संचालक हड़ताल पर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नारायणपुर, 10 फरवरी ।** नारायणपुर जिले के शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेता अपनी 6 सूत्रीय मांगो को लेकर धरने पर बैठे है जिसके चलते हितग्राहियों को राशन के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । राशन दुकान के विक्रेताओं का कहना है कि 6 सूत्रीय मांगो में मानदेय 30 हजार और इपोस मशीन बंद करने की मांग है । इपोस मशीन के चलते अबूझमाड़ में राशन वितरण करने में सबसे ज्यादा समस्या का सामना करना पड़ता है । अबूझमाड़ के अधिकतर इलाको में विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से चालू नही रहती वही इंटरनेट की सुविधा भी नही है जिसके चलते राशन वितरण नही हो पाता है । राशन लेने ग्रामीण 40 से 50 किलोमीटर की दूरी तय करके आते है और इपोस मशीन में फिंगर प्रिंट नही मिलने पर राशन नही मिलने ग्रामीण काफी नाराज होते है इसलिए इन इलाको में इपोस मशीन विद्युत और इंटरनेट की सुविधा पहुंचने के बाद शुरू किया जाना चाहिए । रोमन अध्यक्ष शासकीय उचित मूल्य की दुकान ने बताया की 6 सूत्रीय मांगो को लेकर पूरे प्रदेश सहित नारायणपुर जिले के सभी राशन दुकान संचालक हड़ताल पर बैठे है हमारी मांगे है मानदेय व्यवस्था लागू करे- समस्त राशन विक्रेताओं को 30,000 रुपये मानदेय देने की व्यवस्था कराई जाए अथवा 300 रूपये प्रति क्विंटल सभी मदो में प्रदाय कि जाये। सहयोगी तौलक को कलेक्टर दर से मजदूरी भुगतान हेतु पहल कि जाये। भवन विहिन दुकानों को भवन किराया शासन से प्रदाय किया जाये। सभी कमीशन की राशि प्रतिमाह प्रदाय कि जाये । जिससे विक्रेताओं की आर्थिक स्थिति में सके। सुधार ।

कमीशन की राशिः प्रदेश के सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों की मार्जीन कमीशन राशि वित्तीय पोषण की राशि वर्ष 2018, 2019, 2020 की बारदाना की राशि अप्राप्त है। भारत सरकार द्वारा हस्र्र मद में माह अप्रैल 2022 से 70 रूपये से बढ़ा कर 90 रुपये प्रति क्विंटल कि गई है। 20 रूपये शेष राशि सहित सभी मदो कि राशि को राज्य सरकार द्वारा अविलंब मुगतान करवायी जाये। नागरिक अपूर्ति निगम जानकारी देने में असमर्थता जताते हैं और आज तक प्रदेश में पूरा राशि नहीं मिल पाया है। जिसे अविलंब प्रदाय करवायी जाये। कमीशन कि राशि सीधे विक्रेता संचालक के खाते में प्रदाय की जाये शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक विक्रेताओं के बैंक खाते में सभी प्रकार की कमीशन की राशि को संचनालय रायपुर से सीधा प्रदाय की जाए। खाद्य नागरिक अपूर्ति निगम या अनुसंस्था विभाग के माध्यम से देने पर 4-से- 6 माह का समय लग जाता है। जिसकी जानकारी भी संबंधित विभाग देने में असमर्थता जताते हैं और आज तक प्रदेश में पूरा राशि नहीं मिल पाया है। खान कटौती के संबंध में- माह नवम्बर 2022 में बिना पूर्व सूचना के भौतिक सत्यापन किये बगैर छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न कटौती किया जाना न्याय संगत नहीं है। वर्ष 2016-17 में वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिये टेबलेट के द्वारा वितरण व्यवस्था लागू की गयी व बिना ट्रेनिंग दिए वितरण व्यवस्था को लागू किया गया। जिसके फल स्वरूप विक्रेताओं को टेबलेट से वितरण व्यवस्था में तकनीकी समस्यों का सामना करना पड़ा। सर्वर की समस्या होने पर ऑफ लाइन वितरण कराया गया नेटवर्क के अभाव में अपलोड नहीं हुआ। वस्तु स्थिति अनुसार मैनुअल वितरण व्यवस्था कराया गया। जो की टेबलेट में शेष स्कंध दिखाई दे रहा है। अन्य योजनाओं का सामग्री एंट्री नहीं होना, एवं पूर्व संचालक एजेंसी के द्वारा खाद्यान्नों का सूपूर्तगी नहीं करना जो वर्तमान में शेष स्कंध में प्रदर्शित होना दर्शाता है। हमारी मांग है माह फरवरी 2022 के पूर्व शेष स्कप को शून्य घोषित की जाए जबसे इपॉस चालू हुआ है उस बचत स्टॉक को किस्तों में समायोजन की व्यवस्था कराई जाए।

कांटा कनेक्टिविटी पूर्णतः बंद होः ई-पॉस मशीन से कांटा कनेक्टीविटी पूर्णतः बंद हो। सर्वर बंद होने पर हितग्राहियों और विक्रेताओं के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। प्रदेश में लगातार समस्या आ रही है। क्यों कि एक राशन कार्ड में 4 बार एंट्री, तौल करने पर 15 से 20 मिनट का समय लग रहा है जब से कांटा कनेक्टीविटी हुई है तब से सर्वर की समस्या लगातार बनी हुई है जिसके कारण वितरण व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गया है। इसलिये कनेक्टीविटी को पूरी तरह से बंद किया जाए और एक ही फिंगर से सामग्रियों की इपोंस मशीन में पुष्टि कांटा की व्यवस्था किया जाए ताकि वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से क्रियांवयन हो सके।खाद्यान्न में तीन प्रतिशत सुखद भंडारण कि जाये -नागरिक अपूर्ति निगम के द्वारा शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न भंडारण की जाती है। जिसमें 3 प्रतिशत अतिरक्त सुखद के रूप में प्रति क्विंटल के हिसाब से भंडारण किया जाए। जिससे सार्टेज की कमी को पूरा किया जा सके। अतः श्रीमान माननीय महोदय जी उपरोक्त मांगों को लेकर ऐसी बाध्यकारी परिस्थियों में एक प्रदेशव्यापी आंदोलन में जाने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं होगा। जब तक न्यूनतम आय गारंटी मानदेय के रूप में 30,000 रूपये अगामी बजट में प्रति दुकान प्रति माह पर विचार नहीं किया जाता है और इस तरह कि अत्यंत आवश्यकता के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली में संभावित अव्यवस्था कि जिम्मेदारी हम पर नहीं होगी।

## जवानों ने 10 किलो की आईडी बरामद कर किया निष्क्रिय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गीदम, 10 फरवरी ।** गुरुवार सुबह 231 वीं वाहिनी अपने परिचालनिक क्षेत्र में सुरेन्द्र सिंह कमाण्डेंट 231 बटालियन के निगरानी में आर एस ओ ड्यूटी बी/231 बटालियन एके देशबन्धु व एफ/231 बटालियन मुकेश कुमार चौधरी, उप कमाण्डेंट के नेतृत्व में निकली हुई थी, जब सुरक्षाबलों की टुकड़ी सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पालन करते हुए सर्तकतापूर्वक सावधानी बरतते हुए कोण्ड़ासांवली से कमारगुड़ा कैम्प की ओर एरिया क्लियरेंस करते हुए जा रहे थे, तभी वाहिनी के बम्ब निरोधक दस्ता टीम को डीएसएमडी के माध्यम से आईईडी लगे होने का संकेत मिला उसके उपरांत एके देशबन्धु, सहायक कमाण्डेंट द्वारा ड्यूटी पार्टी को सर्तक किया व संदिग्ध ईलाके की बारीकी से छान-बीन करने पर 1 जिंदा आईईडी टिफिन बम्ब प्रेशर मेकानिज्म वजन लगभग 10 किलोग्राम को सफलतापूर्वक बरामद कर सुरेन्द्र सिंह कमाण्ड़ेंट 231 वीं वाहिनी के निगरानी में बम्ब निरोधक दस्ता टीम द्वारा बम्ब को निष्क्रिय किया गया । इससे पूर्व में भी माओवादियों के द्वारा इस वाहिनी के परिचालनिक क्षेत्र में कई आईईडी व स्पाईक्स लगाकर सुरक्षाबलों को नुकसान पहुँचाने का भरसक प्रयास किया गया है, परन्तु जवानों द्वारा अपनी ड्यूटी का सर्तकतापूर्वक निर्वाहन करने के कारण माओवादियों के मंसूबों को लगातार नाकाम किया जा रहा है। 231 बटालियन द्वारा अभी तक थाना अरनपुर (दंतेवाड़ा) जगरगुण्ड़ा (सुकमा) में कुल 133 आईईडी को सफलतापूर्वक बरामद किया गया है।

### रेत का अवैध परिवहन करते हुए पाये जाने पर 3 वाहन जब्त

**जगदलपुर, 10 फरवरी।** कलेक्टर श्री चंदन कुमार द्वारा निर्देशानुसार प्रभारी खनिज अधिकारी श्री हरेश मंडावी के मार्गदर्शन में जिला खनिज जांच दल द्वारा 08 फरवरी को जिले के कोडेनार क्षेत्र में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान गौण खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए 03 वाहन को जप्त किया गया। इनमें टिप्पर क्रमांक सीजी 17 केएन 6334, टिप्पर क्रमांक सीजी 17 केएन 3785 और टिप्पर क्रमांक सीजी 18 एन 5517 के खिलाफ गौण खनिज नियमों के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में जिला खनिज जांच दल के खनि निरीक्षक श्री मिदुल गुहा तथा सिपाही श्री डिकेश्वर खरे थे।

### पुरनेम लखमू की मुठभेड़ के दौरान गोली से मौत

**बीजापुर, 10 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बीजापुर के थाना तर्रेम के गुण्डम में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ के संबंध में दिनांक 08 फरवरी, 2023 के प्रातः लगभग 04.00 से 5-00 बजे के मध्य थाना तर्रेम अंतर्गत गुण्डम-छुटवाई के जंगल ईलाका में माओवादियों एवं पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के पश्चात् सर्चिंग के दौरान घटनास्थल से कुछ व्यक्तियों को संदिग्ध परिस्थिति में पाया गया जिसे अग्रिम पूछताछ हेतु पुलिस थाना लाया गया। पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ है कि घटना दिनांक 08 फरवरी, 2023 को माओवादियों के दक्षिण बस्तर डिवीजन के कमाण्डर उधम सिंह तथा उनके साथी माओवादियों द्वारा सर्चिंग अभियान में निकली हुई छत्रन/स्अस्र/छ्श्क्क के बल को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से एम्बुश की कार्यवाही करते हुये पुलिस पार्टी के ऊपर फायरिंग की गई। पुलिस की जवाबी कार्यवाही के पश्चात् घना जंगल एवं अंधेरा का फायदा उठाकर माओवादी घटनास्थल से भाग गये। संभवतः मुठभेड़ में माओवादियों के 02-03 कैडर को गोली लगने से घायल हुये। 09 फरवरी, 2023 को तर्रेम थाना में यह सूचना प्राप्त हुई है कि उपरोक्त मुठभेड़ के दौरान गुण्डम गांव के निवासी पुनेम लखमू पिता मासा लखमू उम्र लगभग 48 वर्ष फायरिंग का आवाज सुनकर अपने घर से भागते समय माओवादियों के एम्बुश प्वाईंट में फसने के कारण गोली उन्हें भी लग गई थी, जिसकी बाद में मृत्यु हो गई। उपरोक्त सूचना की तस्दीक करते हुये आज दिनांक 09 फरवरी, 2023 को पुलिस पार्टी द्वारा गुण्डम गांव से मृतक पुनेम लखमू का शव को पंचनामा करने के पश्चात् पोस्टमार्टम कार्यवाही हेतु जिला अस्पताल लाया गया।

## भाजपा कभी नहीं चाहती कवासी लखमा जैसे गरीब आदिवासी विधायक व मंत्री बने:मंडावी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 10 फरवरी।** भाजपा विधायक अजय चंद्राकर के द्वारा प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा पर दिये गए बयान पर पलटवार करते हुए बीजापुर के विधायक व बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मड़ावी ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा और उनके नेताओं को झूट और अफ़वाह फैलाने में महारत हासिल है भाजपा और अजय चंद्राकर को यह बताना चाहिए कि 15 सालों तक छत्तीसगढ़ में डॉक्टर रमन सिंह मुख्यमंत्री थे भाजपा के इस सरकार में स्वयं अजय चंद्राकर विधायक और मंत्री रहे इनके शासन काल में न ही क़ानून व्यवस्था थी और न ही सुरक्षा व्यवस्था प्रदान किया जाता था जबकि सुरक्षा की ज़िम्मेदारी भाजपा और डॉक्टर रमन सिंह की ही थी भाजपा और पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह ने कांग्रेस नेताओं की सुरक्षा को हटा लिया सुरक्षा नहीं दिया जिसके चलते झीरम घटना हुई और कांग्रेस पार्टी ने अपने प्रथम पंक्ति के नेताओं को खोया है भाजपा और विधायक अजय चंद्राकर यह कभी नहीं बतायेंगे। विक्रम मंडावी ने अपने विज्ञप्ति में आगे कहा कि पूरी भाजपा और विधायक अजय चंद्राकर आदिवासी विरोधी है। कवासी लखमा जैसे ग़रीब आदिवासी आदमी विधायक और मंत्री बने ये भाजपा और अजय चंद्राकर कभी नहीं चाहते इसलिए इनके पेट में दर्द हो रहा है। विधायक अजय चंद्राकर मानसिक दिवालिया से गुजर रहे है उन्हें इलाज की सख़्त ज़रूरत है, प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल जी की सरकार ने प्रदेश भर में अस्पताल खोली है अजय चंद्राकर जी किसी एक अस्पताल में जाकर अपना बेहतर इलाज करवा ले इलाज का खर्चा सरकार देगी। विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि भाजपा 15 सालों तक सत्ता में रहने के दौरान तो कुछ नहीं किया लेकिन सत्ता से बाहर होने के बाद लगातार प्रदेश के आदिवासी नेताओं को लेकर बेतुके बयान बाज़ी कर रही है जिसका जवाब भी आने वाले समय में आदिवासी समाज देगा। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा प्रदेश की जानता का विश्वास पूरी तरह खो चुकी है हर चुनाव में हो रहे हार के बौखलाहट से भाजपा और अजय चंद्राकर लगातार आदिवासी नेताओं पर अनर्गल बयान बाज़ी करने में लगे है जिससे वे मीडिया में बने रहे लेकिन प्रदेश की जानता भाजपा के कथनी और करनी को अच्छी तरह समझती है।

### गायत्री महायत्र में बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल



**बीजापुर, 10 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अखिल भारतीय गायत्री पिरवार शांतिकुंज हरिद्वार के तात्वदान से 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के चैथे दिवस पर 16 संस्कार के साथ पूर्णाअहूति हवन हुआ सम्पन्न। इसमें निश्शुल्क गायत्री गुरू दिखा 45 भक्तो ने लिया,विघारम्भ संस्कार 105,नामकारण संस्कार 22,पुन्सवन संस्कार 10,विवाह संस्कार 08,अन्न प्रसासन संस्कार 28, यज्ञोपवीत संस्कार किया गया शांतिकुंज के टोली नायक योगेश पटेल एवं साथियों के द्वारा पावन प्रज्ञा गीत सुनाया गया। इसके बाद गोधुली बेला में दीप यज्ञ में नगर व आसपास के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने साथ थाल में दीपक सजाकर लाए। आचार्य ने कहा कि मनुष्य में देवत्व का अवतरण में धरती को स्वर्ग बनाने के उद्देश्य तथा मानवीय जीवन में सद्विचार संस्थापन व व्यक्ति निर्माण से परिवार निर्माण, समाज निर्माण तथा गायत्री परिवार के सप्त सूत्री आंदोलन जैसे नारी जागरण, कुरीति उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण, नशा मुक्ति, शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस क्षेत्र में विराट यज्ञ का आयोजन किया गया।

## शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन आपसी समन्वय से करें : लखमा



**बीजापुर 10 फरवरी।** बीजापुर प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग वाणिज्य (आबकारी) एवं वाणिज्य कर तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री कवासी लखमा ने डीएमएफटी मद सहित विभिन्न विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक लेते हुए शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय से एवं जनप्रतिनिधि द्वारा विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर समन्वय स्थापित करते हुए समाज के हर वर्ग के लोगों को उनके पात्रतानुसार शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को पहुंचाना और उस योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए बैठक में शिक्षा विभाग अर्न्तगत बंद पड़े स्कूल जिनका पुनः संचालन किया जा रहा है। उन स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा शेष स्कूलों को पुनः खोलने, बच्चों के जाति, निवास सहित सभी आवश्यक दस्तावेज सुगमतापूर्वक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं आठ स्कूलों को स्वामी आत्मानंद स्कूल में समायोजित करते हुए अद्योसंरचना निर्माण में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। स्वास्थ्य विभाग के अर्न्तगत सभी गर्भवती माताओं को संस्थागत प्रसव हेतु प्रेरित करने समुचित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने, नरेगा अंर्तगत अधिक से अधिक रोजगार सृजित करने गौठानों में लगातार आजिविकामूलक गतिविधियां संचालित करने, नियमित गोबर खरीदी, वर्मी खाद का उत्पादन सहित पशुपालन, कुक्कुट पालन, सूकर पालन, बकरी पालन, मछली पालन पर जोर दिया। महात्मागांधी रूलर इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) के तहत अधिक से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास के पात्र हितग्राहियों को त्वरित दुसरे एवं तीसरे किश्त की राशि जारी करने आंगनबाड़ी एवं स्कूल भवनों को मरम्मत कराने प्राकृतिक गोबर पेंट से पोताई कराने एवं ज्यादा जर्जर भवन को डिसमेंटल कर नये भवन बनाने के निर्देश दिए। जिले के समस्त परिवारों को राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज शिविर एवं अन्य माध्यम से सुगमता पूर्वक उपलब्ध कराने को कहा। वहीं विस्थापित राशन दुकानों को मूल पंचायतों में शिफ्ट करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों को अविलंब पूर्ति करने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान का समुचित क्रियान्वयन करते हुए योजना से हितग्राहियों को लाभान्वित कर कुपोषण से मुक्त कराने के निर्देश दिए। वर्तमान खरीफ वर्ष में धान खरीदी, धान का उठाव, पंजीकृत किसानों की संख्या, वन अधिकार पत्र प्राप्त किसानों के पंजीयन, किसान क्रेडिट खाद-बीज का उठाव सहित तेंदूपत्ता संग्राहकों के भुगतान, मिलेट मिशन के तहत रागी, कोदो-कुटकी को बढ़ावा देने, देवगुड़ी को पट्टा प्रदाय करने सहित सड़क पुल-पुलिया, भवन, अद्योसंरचना के निर्माण में तेजी लाने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुऐ समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

## मोर आवास मोर अधिकार रोक के रखे हे भूपेश सरकार



**नारायणपुर, 10 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर मोर आवास मोर अधिकार के तहत आज भाजपा ग्रामीण मण्डल नारायणपुर के ग्राम फरसगाँव के साप्ताहिक बाजार स्थल में नुक्कड सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्यवक्ता के रूप में कार्यकारी भाजपा जिलाध्यक्ष रतन दुबे व विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रताप मंडावी, भाजपा नेता प्रहलाद कुलदीप उपस्थित हुए। इस दौरान सभा को सम्बोधित करते हुए कार्यकारी भाजपा जिलाध्यक्ष रतन दुबे ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश बघेल की सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से प्रदेश भर के लाखो परिवारो को वंचित रखा गया है। उंन्होने कहा कि पक्का घर हासिल करना प्रत्येक व्यक्ति का सपना होता है इसे उनका अधिकार मानते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरूआत की गई लाखो लोग इस योजना का लाभ उठा चुके है,परन्तु राज्य सरकार के रवैये से प्रदेश के लोगो को इसका लाभ नही मिल पा रहा है। आगे उन्होंने कहा की केंद्र सरकार द्वारा लगभग स्वीकृत करीब 12 लाख प्रधानमंत्री आवास छत्तीसगढ़ सरकार ने रोक रखा है। प्रदेश कांग्रेस सरकार की उदासीनता के कारण हितग्राहियों के आवास अधूरे पड़े लोगो को किस्तों के किये भटकना पड़ रहा है। आज गरीबो के लिए समस्या बनी हुई है कि उनका पक्का मकान में जीवन व्यतीत करने का सपना कैसे पूरा होगा उन्होने प्रदेश में हत्या चोरी भ्रष्टाचार और अन्य आपराधिक घटनाओ में बढ़ोतरी को लेकर भी प्रदेश सरकार पर निशाना साधा।तत्पश्चात सभा को जिला पंचायत सदस्य प्रताप मंडावी ने भी सम्बोधित करते हुए कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब परिवार के बारे में इतना अच्छा सोच विचार रखा है कि मेरे देश के गरीब परिवारो के पास पक्का छत पक्का मकान हो जाए पर राज्य की कॉग्रेस सरकार ?सा बिल्कुल नही चाहती जैसे जनता ने कांग्रेस पार्टी को राज्य में सत्ता पर बैठाया है उसी तरह राज्य की जनता सत्ता छीनना भी जानती है सरकार अपने घमंड मे चूर है इन्हे प्रदेश की जनता की फ़िक्र नहीं है। पुरे प्रदेश मे विकास के सारे कार्य ठप्प पड़े है। सभा का सफल संचालन जिला भाजपा जिलाकोषाध्यक्ष संदीप झा व आभार भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक अनुप भट्टाचार्य ने किया।

### अल्पसंख्यक समुदाय के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास हेतु सेमीनार का आयोजन



**कांकेर,10 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री महेन्द्र छाबड़ा, मुख्यमंत्री के संसदीय सलाहकार श्री राजेश तिवारी एवं अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष श्री हाफीज खान तथा राज्य अल्पसंख्यक आयोग रायपुर के सचिव श्री एम.आर.खान तथा जिला पंचायत कांकेर के अध्यक्ष श्री हेमंत ध्रुव की उपस्थिति में अल्पसंख्यक समुदाय के समाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु कांकेर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं अल्पसंख्यक कल्याण समिति के अध्यक्ष व सदस्यों की कार्यशाला आयोजित की गई। सेमीनार में अल्पसंख्यक समुदाय के लिये भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, अल्पसंख्यक कल्याण समिति एवं प्रधानमंत्री के नवीन-15 सूत्रीय कार्यक्रम, अल्पसंख्यक समुदाय के शैक्षणिक सशक्तिकरण, क्षेत्रीय विकास, आर्थिक सशक्तिकरण, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास, सीखो कमाओ, नई रोशनी आदि कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिया गया तथा उनसे लाभ उठाने की अपील भी की गई। इन योजनाओं का अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम, ईसाई, सिक्ख, बौद्ध, पारसी एवं जैन) में प्रचार-प्रसार करने के लिए कहा गया।

सेमीनार में जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति एवं प्रधानमंत्री नवीन-15 सूत्रीय योजनाओ के मनोनित पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक अधिकार दिवस 2022 के परिपेक्ष्य में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में चयनित 30 छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व प्रमाण-पत्र का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्रीकांत कसेर सहित स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न विद्यालयों तथा अल्पसंख्यक अनुदान प्राप्त एवं गैर अनुदान प्राप्त शैक्षणिक संस्थाओं के प्रधान पाठक एवं प्राचार्य तथा छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे।

## एक नजर

### लोकमंच के कलाकरों ने छत्तीसगढ़ी कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति




**राजिम।** माघी पुन्नी मेला मे गुरूवार को सांस्कृतिक मंच क्र. 2 में अलग-अगल विधा के कार्यक्रमों ने दर्शकों से झूमने के लिए मजबूर कर दिया। वेशभूषा में छत्तीसगढ़ की परम्परा और संस्कृति मंच पर दमक रही थी। भोथली कुरूद के देवेन्द्र सेन ने रामायण प्रस्तुत किया। इन्होंने बालकाण्ड के राम जन्म प्रसंग पर कहा कि राम का जन्म ही राक्षसों का नाश होने का करण बना। राम जन्म को लेकर न सिर्फ आयोध्या के लोग बल्कि तीनों लोक अत्यंत प्रसन्न हुए। अभनपुर के मोहितराज सिन्हा ने लोकमंच पर छत्तीसगढ़ी गीतों की लगातार प्रस्तुति दी। माटी से जुड़े गीत ने धूम मचा दी। परसवानी कुरूद के गरीमा नेताम ने सुआ नृत्य के द्वारा महिलाओं के मार्मिक चित्र मंच पर ला दिया। चुटकी की चुट-चुट जैसे ही दर्शकों के कानों पर पड़े तालियों की आवाज से दर्शक दीर्घा गूंज उठा। नवापारा के हरिशंकर साहनी ने सांई भजन झांकी जगराता पर धार्मिक भजनें पेश की। भाठागांव अभनपुर के ओमप्रकाश मानिकपुरी ने जसगीत झांकी की प्रस्तुति देकर खूब वाहवाही बटोरी। इस मौके पर बड़ी संख्या में दर्शकगण उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लिए। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र पंत एवं मनोज सेन ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सांस्कृतिक प्रभारी पुरूषोत्तम चन्द्राकर, किशोर निर्मलकर, सुखेन्द्र साहू, शीतल चौबे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### स्कूली बच्चों ने बनाया साऊंड प्लेबैक सिस्टम रोबोट

**राजिम,10 फरवरी।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा गरियाबंद जिले के मीडिल एवं हाईस्कूल लफंदी, हथखोज, पोखरा, बोरसी, कोमा आदि गांव के बच्चों ने शानदार मॉडल बनाये है। जिन्हें राजिम में स्कूल शिक्षा विभाग के प्रदर्शनी में स्थान दिया गया है। इनमें से साउंड प्लेबैक सिस्टम रोबोट, आर्मी चेक पोस्ट, सोलर पेनल, सेंसर बोड पर आधारित रेलगाडी, बेक लेस डे, रोशनी देखते ही बन रही थी। प्रदर्शनी में छात्र रोशनी और हिमांसी द्वारा बनाया गया मॉडल बहुत प्रभावित किया। शिक्षक सतीश मालवीय, मीनाक्षी शर्मा, ओंकार शर्मा, गोकाल कंसारी, अनिल मेघवानी, विजेता देवानी, दीप्ती मिश्रा गंडेचा, निरज साहू, कोमल साहू इनकी उपयोगिता एवं बनाने का उद्देश्य को आम लोगों तक पहुंचा रहे थे।

### आपके द्वार आयुष्मान अभियान के तहत शेष बचे हुए हितग्राहियों का बनेगा निःशुल्क आयुष्मान कार्ड



**रायगढ़, 10 फरवरी।** कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन पर जिले में आपके द्वार आयुष्मान अभियान के चतुर्थ चरण अंतर्गत शेष बचे हुए हितग्राहियों का निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। जिले में अब तक अभियान अंतर्गत कुल 10 लाख 86 हजार 980 राशन कार्ड जनसंख्या में से 6 लाख 19 हजार 318 हितग्राहियों का 57 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जा चुका है। शेष बचे हुए हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु सीएससी ई-गर्वेनेस, जिले में पंजीकृत चिकित्सालयों, कियोस्क ऑपरेटरों एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं का भी सहयोग लिया जाएगा।

इस अभियान के दौरान आयोजित शिविरों में पात्र हितग्राही परिवारों के सदस्यों को मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत एवं वार्ड कर्मचारियों के सहयोग से मोबिलाईज किया जाएगा। जिसके एवज में राज्य कार्यालय रायपुर से प्रति आयुष्मान कार्ड 5 रुपये प्रोत्साहन राशि प्रदाय किए जाने का प्रावधान किया गया है।

## राजिम माघी पुन्नी मेला में लगे पशुधन विकास विभाग की प्रदर्शनी

# लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार करने छत्तीसगढ़ शासन चला रहा कई योजनाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजिम।** किसानों की आय बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं से किसानों को लाभ हो रहा है। सरकार का प्रयास है कि किसानों की आय में बढ़ोतरी हो। इसी बात को ध्यान में रखते हुए सरकार किसानों को खेती के साथ ही पशुपालन के लिए प्रोत्साहित कर रही है। राजिम माघी पुन्नी मेला में लगे गरियाबंद जिला की ओर पशुधन विकास विभाग में मेलार्थी को विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और उससे मिलने वाली सब्सिडी की जानकारी दे रहे हैं। इसके साथ ही कई लोगों द्वारा त्वरिक रूप से मिलने वाले योजनाओं का लाभ भी ले रहें हैं।

सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी जिनेंद्र कुमार निषाद ने बताया कि स्टॉल में विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए उन योजनाओं के लाभ व सब्सिडी मिलने की जानकारी दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं में अनुदान पर बकरा वितरण, अनुदान पर सूकरत्रयी का वितरण, अनुदान पर नर सूकर वितरण, उन्नत मादा वत्स पालन योजना, बैकयार्ड कुक्कुट पालन योजना, शत प्रतिशत अनुदान पर सांड वितरण, ग्रामोत्थान योजना/चरवाहा प्रोत्साहन योजना, प्राइवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता, वैकल्पिक पशु आहार - अजोला, बटेर पालन जापानी बटेर पालन का महत्व, बत्तख पालन, अनुदान पर डेयरी उद्यमिता विकास योजना, अनुदान पर बकरी पालन उद्यमिता विकास योजना, अनुदान पर पोल्ट्री वेन्चर कैपिटल फण्ड योजना, चारा उत्पादन आदि संचालित है। इन योजनाओं में अलग-अलग वर्ग के हिसाब से सब्सिडी भी दी जाती है। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य हितग्राहियों की आर्थिक स्थिति में सुधार करना और बढ़ाना है। सहायक अधिकारी श्री निषाद ने बताया कि विभागीय कार्य जिसमें पशुओं के बचाव हेतु विभाग द्वारा निशुल्क टीकाकरण, एचएस, एफएमडी, बीक्यू, एलएसडी, ब्रूसेलोसिस टीकाकरण, बकरियों के बचाव हेतु निशुल्क टीकाकरण, पीपीआर एंटेरोटॉक्सेमिया, मुर्गियों के बचाव हेतु निशुल्क टीकाकरण, रानीखेत हाउस पाक्स स्ट्रेन, शुकर के बचाव हेतु निशुल्क टीकाकरण स्वाइन फ्लू, कुत्तों में निशुल्क टीकाकरण एंटीरेबीज एवं निशुल्क बांझपन निवारण शिविर समय-समय पर विभागीय द्वारा लगाया जाता है। इसकी जानकारी भी उपलब्ध करा रही है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लाफिनखुर्द में मातृ सम्मेलन के साथ हुई विभिन्न स्पर्धाएं




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद, 10 फरवरी।** समीपस्थ ग्राम लाफिन खुर्द में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर द्वारा मातृ सम्मेलन उत्साह पूर्वक मनाया गया। प्रथम पाली में मातृ एवं स्नेह सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ संनिर्माण कर्मकार मंडल श्रम विभाग के सदस्य लक्ष्मी देवांगन द्वारा मां सरस्वती, मां भारती की छाया चित्र पर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अध्ययनरत भैया बहनों के माताओं के द्वारा खेलकूद प्रतिस्पर्धा का आयोजन कराया गया। जिसमें प्रमुख रुप से चम्मच दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम मानकी निषाद, द्वितीय मनीषा साहू, तृतीय पार्वती साहू रहे। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम निमन साहू,द्वितीय पार्वती साहू और तृतीय देविका साहू। मोमबत्ती जलाओ प्रतियोगिता में प्रथम टोमेश्वर साहू, द्वितीय दुर्गेश्वरी साहू, तृतीय राजकुमारी साहू और गुब्बारा फुलाव प्रतियोगिता में प्रथम निमन साहू,द्वितीय टिकेश्वर साहू, तृतीय देविका साहू ने स्थान बनाया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे श्रीमती लक्ष्मी देवांगन ने सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही संबोधन करते हुए शिशु विद्या मंदिर में आयोजित मातृ सम्मेलन की जमकर तारीफ की और कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों और माताओं एक जगह विद्यालय को जानने और समझने का मौका मिलता है। कार्यक्रम के द्वितीय पाली में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि महिलांग पहुंचे हुए थे। वही अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुधा साहू ने की। रात्रि 8~00 बजे से शुरू है दूसरी पाली में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के नन्हे-मुन्ने भैया बहनों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया गया।इस दौरान शिशु विद्या मंदिर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आचार्य और दीदियों को राशि त्रिभुवन महिलांग व सुधा साहू के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वही उद्बोधन में राशि त्रिभुवन महिलांग ने मातृ सम्मेलन के लिए प्रबंधन समिति को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मैं भी पहले शिक्षक थी, उसके बाद प्राचार्य बनी और मेरे पढ़ाए हुए बच्चों ने एक अच्छे मुकाम हासिल किया, और आज उन्हें

## राजिम मेला से चोरी हुई मोटर साइकिल व अन्य सामान बरामद



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद,10 फरवरी।** राजिम थाना क्षेत्र के अंतर्गत आयोजित पुन्नी मेला में लगातार मोटर साइकिल व अन्य समानो की चोरी की घटनाएं सामने आ रही थी जिस पर जिला पुलिस प्रशासन ने तत्काल पहल करते हुए राजिम थाना प्रभारी एवं साइबर क्राइम को पुलिस अधिकारियों ने तत्काल निर्देशित करते हुए जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ पकड़ने का निर्देश दिया था उसी के परिणाम स्वरूप आज एक मोटरसाइकिल सिलेंडर व अन्डे का रेक को बरामद किया है इसके दो आरोपी नयापारा राजिम का रहने वाला है जिनमें एक छुटकू निषाद 20 वर्ष नयापारा तथा दूसरा एक अन्य आरोपी करण यादव उम्र 24 वर्ष नयापारा निवासी बताया जा रहा है चोरी हुई मोटरसाइकिल का नंबर सीजी 04 डीएन 4079 है जोकि धमतरी गोली का रहने वाला विवेक साहू का बताया जा रहा है जो मेले में अंडा दुकान संचालित करने के लिए पहुंचा था और कुछ ही मिनटों में जब वह बाहर गया तो चोर सामान को उठाकर ले जाने में कामयाब हो गये राजिम पुलिस तत्परता पूर्वक कार्रवाई करते हुए इन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने की तैयारी कर रही है मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार होने पर राजिम सहित आसपास के नागरिकों ने पुलिस को बधाई देते हुए अन्य चोरी हुए मोटरसाइकिल को भी जल्द से जल्द बरामद कराने की अपेक्षा की है।

## राज्य स्तरीय भाषण एवं इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत




**महासमुंद,10 फरवरी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मुख्य नर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय भाषण व इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 07 फरवरी 2023 को पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम अंबिकापुर जिला सरगुजा में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर कुंदन कुमार व विशिष्ट अतिथि सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप शामिल हुए। इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता में रायपुर संभाग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन पर आधारित भाषण व इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 4 स्तरों में किया गया है। भाषण प्रतियोगिता लोकतंत्र के सशक्तिकरण में युवाओं की भूमिका विषय पर आधारित थी। भाषण प्रतियोगिता के लिए प्रत्येक संभाग से एक-एक प्रतिभागी व क्विज प्रतियोगिता में प्रत्येक संभाग से टीम के रूप में दो-दो प्रतिभागी शामिल हुए। इसी तरह इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता में रायपुर संभाग अंतर्गत महासमुंद जिला के छात्र उमेंन्द्र कुमार पटेल शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको व छात्रा वर्षा गजेन्द्र शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों को 5-5 हजार रुपए की पुरस्कार राशि एवं प्रमाण पत्र प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में रायपुर संभाग अंतर्गत महासमुंद जिला से प्रतिभा बीएड कॉलेज ऑफ एजुकेशन बालसी सरायपाली की छात्रा कु डिंपल डडसेना को सांत्वना पुरस्कार राशि 2000 रुपए व प्रमाण पत्र प्राप्त किया। विजेताओं एवं सभी प्रतिभागियों को अतिथियों के द्वारा नगद राशि के साथ प्रमाण पत्र व मोमेन्टो प्रदान किया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता ही सर्वोपरि है तथा मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदाताओं को जागरूक होना जरूरी है। जागरूक मतदाता सही निर्णय लेकर एक बेहतर जनप्रतिनिधि चुन सकता है। उन्होंने कहा कि स्वीप गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य फ्री एवं फेयर निर्वाचन के लिए लोगों को जागरूक करना तथा मतदातों को लोकतांत्रिक प्रणाली का सहभागी बनाना है।

### बूथ स्तर पर जाकर कड़ी मेहनत करें:माथुर




**महासमुंद।** भाजपा जिला कार्यसमिति का बैठक मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में हुई। बैठक में प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव उपस्थित रहे। कार्यसमिति के बैठक में ओम माथुर ने संबोधित करते हुए कहा कि ऐसा कोई घर नही होगा, जिसे मोदी सरकार के योजनाओं का लाभ नही मिला होगा। देश विश्व गुरु की ओर बड़ रहा है। मोदी के नेतृत्व में देश विश्व पटल में भारत का नाम रोशन हो रहा है। माथुर ने कहा कि बूथ स्तर में जाकर के कड़ी मेहनत करना होगा। बैठक को प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने भी संबोधित करते हुए कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में माफिया राज चल रहा है। गरीबों का आवास छीनने वाली कांग्रेस सरकार के चलते केंद्र की योजना जल जीवन मिशन भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गई। आम लोगो को शुद्ध पेयजल से वंचित होना पड़ रहा है। शराब बंदी को घोषणा कर सरकार में आए।

# राजिम माघी पुन्नी मेला परिसर में 11 फरवरी को सामूहिक विवाह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम।** मुख्यमंत्री कन्या सामुहिक विवाह कार्यक्रम 10 फरवरी 2023 दिन शुक्रवार को राजीव लोचन मंदिर परिसर में होना था, किन्तु अपरिहार्य कारणों से उक्त तिथि को परिवर्तित करते हुए 11 फरवरी 2023 दिन शनिवार को राजिव लोचन मंदिर परिसर में सम्पन्न होगा। महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री ए.के. पाण्डेय ने बताया कि उक्त आयोजन प्रदेश के प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री तथा राजिम विधायक श्री अमितेश शुक्ल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा।

### जिला स्तरीय रामायण प्रतियोगिता राममय हुई धर्म नगरी राजिम



माधुरी महिला मानस मंडली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया-राजिम छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय रामायण प्रतियोगिता का आयोजन जिला प्रशासन गरियाबंद के तत्वावधान में राजिम माघी पुन्नी मेला के चौथे दिन आयोजित किया गया। जिसमें पांचों विकासखण्ड के एक-एक विजेता मंडलियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना कर किया गया। प्रत्येक प्रतिभागियों को 45 मिनट का समय और 100 अंक दिया गया। जिसमें व्याख्या, संगीत के लिए क्रमशः 40:40 अंक और वेशभूषा के लिए 20 अंक के मापदंड अनुसार विजेता निर्धारित किया गया। निर्णायक के रूप में सुरेश कुमार ध्रुव, द्वारिका नाथ, विनोद कुमार देवांगन, कृष्ण कुमार सोनी थे। कार्यक्रम का संचालन मुन्नालाल देवदास ने किया। प्रतियोगिता में कुल 5 मंडलियों ने प्रस्तुति दी। जानकारी के अनुसार 16, 17 व 18 फरवरी को इस मंच पर प्रदेश स्तरीय रामायण प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

इस अवसर पर प्रथम प्रस्तुति देते हुए जय शिव शंकर मानस परिवार हरदीभांठा मैनपुर के व्याख्याकार श्री पटेल ने अपने व्याख्यान में कहा कि जब भगवान राम माता सीता सहित अत्रिमुनि के आश्रम पहुचे तब मुनि प्रशन्न हो गए और माता अनुसुइया ने सीता माता को नारी धर्म की सीख देते हुए कहा कि नारी की महिमा महान है। नारी के कई रूप होती है वो माँ, बहन बेटी होती। शक्ति का दूसरा नाम ही नारी है। माता-पिता, भाई बन्धु रिश्तेदार सभी साथ तो देते है लेकिन एक सीमा तक ही, विश्वास केवल परमात्मा पर ही करना है। पति-पत्नी एक दूसरे के पूरक हैं, अपने पति का मन वचन धर्म के रूप में सेवा करनी चाहिए। दूसरी प्रस्तुति के रूप में प्रज्ञा मानस परिवार सोरिद खुर्द छुरा के व्याख्या कार खुमान ध्रुव ने बालकांड की कथा सुनाते हुए अहिल्या उद्धार कथा प्रसंग सुनाया। कहा कि भगवान राम ने गौतम ऋषि के श्राप से पत्थर बनी अहिल्या का उद्धार किया भगवान राम दया कृपा के सागर है। तीसरी प्रस्तुति के रूप में मां कात्यायनी महिला मानस परिवार श्यामनगर के व्याख्या कार अन्नपूर्णा साहू ने किष्किंधा कांड पर व्याख्या देते हुए कहा कि किष्किंधा कांड यानी मन चित बुद्धि अहंकार की गुफा है जिसका वर्णन विस्तार से करते हुए कहा कि आज के समय में कौन दास बनना चाहता है, हर कोई स्वामी ही बनना चाहता है। पवन पुत्र हनुमान ने बड़े-बड़े काम करने के बाद भी अपने आप को कभी स्वामी नहीं माना बल्कि राम का दास ही कहा। चौथे प्रस्तुति युवा मित्र मंडली धौराकोट देवभोग के व्याख्याकार आदित्य नारायण सतपथी ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की आखिरी और पांचवी प्रस्तुति माधुरी महिला मानस मंडली नहरगांव के व्याख्याकार पुष्पांजलि सिन्हा ने रोचक अंदाज में राम कथा सुनाई, सुमधुर संगीतमय प्रस्तुति से धर्म नगरी राजिम गुंजायमान हो रहा था। इस अवसर पर, मम राजीव लोचन जिला मानस परिवार के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, आदिवासी आयुक्त बी.के सुखदेवे, नूतन साहू, राजकुमार यादव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पहुंचे जिला पंचायत सदस्य रोहित साहू ने कहा कि आज पूरा छत्तीसगढ़ राममय हो गया है, हमारे हर गांव गांव में रामायण प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है कहा कि प्रभु श्री राम के बताए मार्ग दर्शन में हम सबको चलना है साथ मे राजिम भक्तिन माता मंदिर समिति अध्यक्ष लाला साहू मौजूद।

## समाचार संक्षेप

### 36 हजार से अधिक विद्यार्थियों को मिला घर बैठे जाति प्रमाण पत्र

**सुकमा, 10 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ के आदिवासी बाहुल्य सुकमा जिले के बच्चों को जाति प्रमाण पत्र के अभाव में शासन की किसी भी योजना से वंचित न हों, इसलिए सुकमा जिला प्रशासन द्वारा जाति प्रमाण पत्र की घर पहुंच सेवा लगभग चार साल पहले शुरु की गई और अब तक 36 हजार से अधिक बच्चों को जाति प्रमाण पत्र दिया जा चुका है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने जाति-मूल निवास प्रमाण पत्र के अभाव में होने वाली परेशानी को देखते हुए जाति और निवास प्रमाण पत्रों की घर-पहुंच सेवा प्रारंभ करने की घोषणा के फलस्वरुप आज स्कूली बच्चों को घर बैठे ही जाति-मूल निवास प्रमाण पत्र मिल रहा है।



**अब तक 36 हजार से अधिक बच्चों को मिला जाति प्रमाण पत्र**- प्रशासन द्वारा जाति प्रमाण पत्रों के अभाव में बच्चों को होने वाली परेशानी के साथ ही इसे बनाने के लिए छात्रों की मशक्कत को देखते हुए घर-पहुंच जाति प्रमाण पत्र देने की योजना वर्ष 2019 में प्रारंभ की गई और पहले चरण में शैक्षणिक सत्र 2019 के मध्य तक लगभग आठ हजार जाति प्रमाण पत्र बनाने के साथ ही छठवीं से बारहवीं तक अध्ययनरत सभी अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को जाति प्रमाण पत्र देने का लक्ष्य हासिल कर लिया गया। इसके बाद पांचवीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र देने का नया लक्ष्य निर्धारित कर मार्च 2020 से कार्य प्रारंभ किया गया, ताकि छठवीं कक्षा में प्रवेश के साथ इन्हें आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ तत्काल मिल सके। इसी प्रकार कक्षा पहली और आगे की कक्षाओं के छात्रों को भी जाति प्रमाण पत्र वितरण का फैसला लिया गया। सुकमा जिला प्रशासन द्वारा इस अभियान की शुरुआत से अब तक कक्षा पहली से बारहवीं तक के 36 हजार 535 अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाया जा चुका है। इसमें सुकमा विकासखण्ड के 6 हजार 762, विकासखण्ड छिन्दगढ़ से 15 हजार 769 और कोण्टा विकासखण्ड के 14 हजार 4 विद्यार्थियों को उनके घर पर ही जाति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया निरंतर रुप से प्रगतिशील है ताकि जिले के सभी छात्रों को विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी ना हो।

कक्षा पहली में प्रवेश करते ही बनाए जा रहे जाति प्रमाण पत्र- शैक्षणिक सत्र 2022-23 से कक्षा पहली में प्रवेश करते ही बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाए जा रहे। इस योजना का लाभ उन विद्यार्थियों और पालकों को खासतौर पर मिला है, जो दुर्गम क्षेत्रों में रहते हैं और जिन्हें जाति प्रमाण पत्र के लिए आवागमन के सीमित संसाधनों के बीच दफ्तर आने पड़ते थे। जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य ऑनलाईन एन्ट्री के माध्यम से किया जा रहा है। सुकमा जिला प्रशासन द्वारा की गई खास पहल के कारण शिक्षा विभाग और राजस्व विभाग के मैदानी अमलों ने जाति प्रमाण पत्र के लिए जरूरी दस्तावेजों का संकलन किया और इन दस्तावेजों के साथ ऑनलाईन माध्यम से जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किए गए। तहसीलदार और अनुविभागीय दण्डाधिकारियों द्वारा इन आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए जाति प्रमाण पत्र जारी किए गए, जिन्हें पुनः अध्यापकों के माध्यम से बच्चों को वितरित किया जा रहा है।

**स्कूली बच्चों का बन रहा मूल निवास प्रमाण पत्र**-शैक्षणिक सत्र 2022-23 में स्कूली बच्चों का जाति प्रमाण पत्र के साथ ही मूल निवास प्रमाण पत्र भी बनाया रहा है। इस वर्ष अब तक कक्षा दूसरी से बारहवीं तक के 5 हजार 943 बच्चों को मूल निवासी प्रमाण पत्र वितरित किया जा चुका है।

### धर्मांतरण और अत्याचार के विरोध में किया धरना प्रदर्शन



**सुकमा, 10 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सर्व हिन्दू समाज के बैनर तले बसस्टैंड काली मंदिर के सामने सुकमा में नारायणपुर में ईसाईयों मिशनरियों के द्वारा जनजातियों पर किये गए प्राणघात हमले एवं प्रदेश में बढ़ते धर्मांतरण और अत्याचार के विरोध में एक दिवसीय धरना सत्याग्रह प्रदर्शन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से उपस्थित रहे सर्व हिन्दू समाज के श्री लच्छू राम पोडियामी जी, श्री धनीराम बारसे जी, श्री आशीष दुबे जी, श्री मुन्ना राम नाग जी, श्री पी विजय जी, श्री विश्वनाथ सिंह ठाकुर जी, श्री जय लाल नेताम जी, श्री शैलेन्द्र भदौरिया जी, श्री संजय सोढ़ी जी, श्री विश्वराज चौहान जी, श्री रमेश यादव जी, श्री रिपन सरकार जी, श्री उपेन्द चौहान जी, श्री डमरू नाग जी, श्री अमर पोयाम जी, श्री रामाधार कश्यप जी, श्री राजेन्द्र कुलदीप जी, श्री लक्ष्मण नायक जी, श्री गंगा पोडियामी जी, लेबोराम नाग जी, श्री हूँगा सोढ़ी जी श्री माधा सोढ़ी जी, श्री हूँगा वेको जी श्रीमती पुष्पलता भदौरिया जी, सहित उपस्थित रहे ।

### पति से विवाद के बाद महिला ने आग लगाई, मौत

**भिलाई।** भिलाई पति से विवाद के बाद एक महिला ने खुद पर मिट्टी का तेल डालकर आत्मदाह कर लिया महिला को फौरन अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई सूचना पर मोहन नगर पुलिस ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि प्रेम नगर सिकोलाभाठा निवासी उमा खंडेलकर (37 ) ने बीते तीन फरवरी को अपने घर पर ही आत्मदाह कर लिया था उसका उसके पति से विवाद हुआ था विवाद के बाद उसके मायके वाले भी घर पर पहुंचे थे घटना के समय उसके ससुराल वाले भी घर पर ही थे विवाद के बाद आवेश में आकर उसने खुद पर मिट्टी का तेल डालकर आत्मदाह कर लिया इस घटना में वो करीब 70 प्रतिशत तक झुलस गई थी ।

### संगीतकार मदन शर्मा का सम्मान

**भिलाई,10 फरवरी।** लता मंगेश्कर की प्रथम पुण्यतिथि के पूर्वसंध्या पर उनसे छत्तीसगढ़ी गीत गवाने वाले एकमात्र संगीतकार मदन शर्मा का सम्मान किया गया। ललित कला अकादमी, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली सदस्य की ओर से इस दौरान आयोजित मदन जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व परिचर्चा में सुप्रसिद्ध चित्रकार हरीसेन, बी.एल. सोनी, ब्रजेश तिवारी, भूपतराव बोरकर, प्रकाश शर्मा, प्रवीण कालमेघ, साहित्यकार सहदेव देशमुख तथा मेनका वर्मा उपस्थित थे।ज्ञात हो कि महान गायिका लता मंगेश्कर से अपनी स्वरचित छत्तीसगढ़ी रचना के गायन के दौरान मदन शर्मा ने उक्त गीत पर ढ़ोलक की जुगलबंदी भी की थी। अपने संस्मरण में उन्होंने बताया कि जहां लता दीदी ने सहृदयता का परिचय देते हुए अपना प्रथम छत्तीसगढ़ी गीत है कहकर पचास हजार रुपये मिठाई खाने के लिए वापस भी कर दिए वहीं शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान भी किया था। उनके साथ गुजारे पलों को यादकर वे भावुक हो गये तथा अपने छत्तीसगढ़ी संगीतजगत में बनाये एक से बढ़कर एक गीतों को सुनाकर सबको हतप्रभ कर दिया। चित्रकार हरीसेन ने मदन शर्मा को सच्चा माटीपुत्र निरुपित किया वहीं सहदेव देशमुख ने शासन से मांग की कि उन्हें शीघ्र पद्मश्री पुरस्कार दिया जाए। इस दौरान सुविख्यात चित्रकार ब्रजेश तिवारी ने उनकी लाईव पोट्रेट बनाकर उन्हें भेंट भी दी। व्यक्तित्व एवं कृतित्व परिचर्चा का सफल संचालन मेनका वर्मा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन अकादमी सदस्य मूर्तिकार अंकुश देवांगन ने दिया।



एक नजर

## कार्यशाला में तेंदुए से बचाव के उपाय बताए



कलक़सा/डोंगरगढ़, 10 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 9 फरवरी को छीररपानी डोंगरगढ़ मंदिर ट्रस्ट सभा कक्ष में कार्यशाला का सुबह 11:00 बजे आयोजन किया गया। जिसमें रायपुर से आई वाइल्डलाइफएक्सपर्ट टीम सूरज वा गौरव के द्वारा वन्य प्राणी तेंदुआ के संबंध में चर्चा परिचर्चा, मानव से द्वंद निर्मित होने कारण, तेंदुएं से सुरक्षित रहने के उपाय इसके अतिरिक्त तेंदुए के संबंध में अन्य जानकारी साझा किया गया। कार्यशाला में टी ए खान उपवनमंडल अधिकारी, भूपेंद्र कुमार उइके परिक्षेत्र अधिकारी( डोंगरगढ़, पी गोस्वामी, अनिल कुमार बोमबर्डे, उत्तर एवम दक्षिण बोरतालाब) वा उप वनमण्डल डोंगरगढ़, डेनिश मेश्राम सहायक परिछेत्र अधिकारी डोंगरगढ़, तीरथ सिंह सहायक परिछेत्र अधिकारी घोटिया एव जितेन्द्र सिंह परिहार, शिवचरण यादव वनपाल, राजकुमार श्याम वनपाल सहित डोंगरगढ़ के समस्त स्टाफएवम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष वा स्टाफ वन प्रबंधन समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय रामायण स्पर्धा कल नगर भवन में

बलौदाबाजार, 10 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को संजोने का अभिनय पहल संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन की ओर से किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता का आयोजन बलौदाबाजार के नगर भवन में प्रात: 12 बजे से रखा गया है। जिसमें बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के जनपद पंचायत,नगर पंचायत, नगर पालिका में से चयनित क्षेत्रीय मानस मंडलियों के द्वारा प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर प्रस्तुति दी जाएगी। इनमें से जो भी मंडली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करती है उसे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल किया जायेगा। जिला स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बलौदाबाजार-भाटापारा के मार्गदर्शन किया जा रहा है।

## सात लीटर कच्ची शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार



बलौदाबाजार, 10 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। गिधौरी पुलिस द्वारा शराब कोचिया पर कार्यवाही कर अवैध रूप से शराब बेचने हेतु रखे आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से 1400 कीमत मूल्य का कुल 07 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को जेल भेजा गया है। बाबूलाल गोड़ पिता राम सिंह गोड़ उम्र 33 साल साकिन- घटमड़वा, थाना- गिधौरी-टुण्डरा, जिला- बलौदा बाजार-भाटापारा इस कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक ओम साहू,आरक्षक रामलाल कैवर्त्य, विजय मिलन का योगदान रहा।

# सिमगा पुलिस ने पकड़ा शराब का जखीरा

## दरचुरा के पास नाकाबंदी कर मध्य प्रदेश निर्मित 90 पेटी गोवा शराब के साथ आरोपियों को किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा/बलौदाबाजार, 10 फरवरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के दिशा निर्देशन में अवैध गतिविधियों में लिप्त अपराधियों, शराब तस्करों एवं मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। इसी तारतम्य में सूचना मिली कि आज 08 फरवरी की रात्रि में शराब तस्करों द्वारा मध्य प्रदेश अनूपपुर से भारी मात्रा में मध्य प्रदेश निर्मित अंग्रेजी गोवा शराब लोड कर ले जाया जा रहा है। सूचना की तश्दीक पश्चात सायबर सेल एवं थाना सिमगा की पुलिस टीम द्वारा निरीक्षक रोशन राजपूत के नेतृत्व में ग्राम दरचुरा के अनुपम पेट्रोल पंप के पास नाकाबंदी किया गया। पुलिस टीम द्वारा आने जाने वाले वाहनों की पहचान एवं तस्दीक कार्यवाही किया जा रहा था। इसी बीच संदिग्ध रूप से एक सफेद रंग की कार एवं उसके पीछे एक पिकअप वाहन बिलासपुर की ओर से अत्यंत तेज गति से आते हुए दिखा। पुलिस टीम द्वारा तत्परता एवं सतर्कता पूर्वक नाका लगाकर दोनों वाहनों को रोका गया। सामने कार द्वारा पुलिस आदि की सूचना देने के लिए पीछे चल रही पिकअप वाहन का एक प्रकार से पायलटिंग रेकी किया जा रहा था।

पुलिस टीम द्वारा वाहनों को रोककर तत्काल सुक्ष्मता पूर्वक दोनों वाहनों का जांच किया गया। पिकअप वाहन के ट्राली में सब्जी प्लास्टिक कैरेट खाली भरी हुई को हटाकर देखने पर ट्राली के अंदर खाकी रंग का काटुन के अंदर गोवा व्हीस्की शराब रखा हुआ। तलाशी के दौरान 89 नग खाकी रंग के काटुन के अंदर प्रत्येक में 50-50 पाव गोवा व्हीस्की अंग्रेजी शराब प्रत्येक पाव में 180 म्ल भरी हुई जुमला 4450 पाव 02. एक खाकी रंग के पेटी में 49 पाव गोवा व्हीस्की अंग्रेजी शराब प्रत्येक में 180 म्ल भरी हुई कुल जुमला 4499 पाव कुल 809.82 बल्क लीटर कीमती 4,81,393 रखे मिला। जिसे जप्त किया गया। सांथ ही पुरानी इस्तेमाली पिकअप वाहन क्र. बीजी 07 बीजे 3509 कीमती 2,50,000, टाटा जेस्ट कार क्रमांक सीजी 07 बीआर 7191 कीमती 2,70,000, नगदी रकम 23,820, कुल 07 नग मोबाईल जुमला 45,000 भी जप्त किया गया है। इस प्रकार पुलिस टीम द्वारा संपूर्ण जांच कार्यवाही एवं तलाशी अभियान में कुल जुमला 10,70,313 का सामान समक्ष गवाहन के जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया। आरोपीगण से पूछताछ पर उक्त् शराब को जैथरी जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश के प्राईवेट ठेकेदार से खरीदकर लाये है एवं ज्यादा दामो में भिलाई एवं बलौदाबाजार के कोचियो को देने की बात स्वीकार किये है। कार्यवाही के दौरान कुल 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस संपूर्ण कार्यवाही में शराब तस्करी में कुख्यात एवं मुख्य सप्लायर भिलाई निवासी राजेश साहू को भी दबोचा गया। सभी आरोपियों में राजेश साहू उर्फ चीकू पिता सुरेन्द्र कुमार साहू उम्र 26 साल साकिन देवरी थाना आरंग जिला रायपुर हाल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी उमंदा भिलाई 03 पुरानी भिलाई जिला दुर्ग। टिकेन्द्र कुमार साहू पिता रामविलास साहू उम्र 32 साल निवासी कुरूद थाना जमुल जिला दुर्ग। प्रदीप कुमार राजपूत पिता स्व. लव कुश राजपूत उम्र 36 साल निवासी सुपेला भिलाई थाना सुपेला जिला दुर्ग। थामेश्वर देशमुख पिता रामधन उम्र 28 साल निवासी सुपेला भिलाई थाना सुपेला जिला दुर्ग। अजय कुमार साहू पिता कन्हैया लाल साहू उम्र 25 साल निवासी सुपेला भिलाई थाना सुपेला जिला दुर्ग के विरुद्ध थाना सिमगा में धारा 34(2), 36 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

इन कुख्यात शराब तस्करों को पकड़ने एवं भारी मात्रा में शराब जप्त करने में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक रोशन सिंह, प्रधान आरक्षक नरेश खूँटे, अरशद खान, आरक्षक अंजोर माँझी, अमीर रॉय, लोरिक शांडिल्य, विजेंद्र निराला, कुमार जायसवाल, हेमंत नायक, अजय यादव भाटापारा ग्रामीण थाना से आरक्षक गौरीशंकर कश्यप, द्वारिका साहू, थाना सिमगा से सउनि विष्णु नारायण सिह, प्रआर चन्द्रभान पाण्डेय, आर. 615, 103, 257 की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नशीली दवाओं के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 10 फरवरी।** सिमगा नगर में नकली और नशीली दवाओं के रूप में मौत बेच रहे मौत के सौदागर 5 दिन पहले सिमगा के शारदा मेडिकल से दो करोड़ की नकली दवा जप्त की गई थी। आज फिर 2 लोग नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया गया।

सिमगा पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मादक पदार्थ कैप्सूल रख कर बेचने वाले एजाज खान पिता अहमद खान मोहम्मद अल्ताफ कुरेशी पिता वली मोहम्मद कुरेश सिमगा निवासी को गिरफ्तार किया गया spas -- Tramadol -- plus capsules दस डब्बा प्रत्येक मैं 144 नग कैप्सूल भरा हुआ था जिसे आरोपियों के पास से जप्त किया गया तथा आरोपी एजाज खान के कब्जे से एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 22 एम 4731 को जब्ती बनाया गया तथा आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया यह बताना आवश्यक है कि विगत 6 दिन पूर्व सिमगा के शारदा मेडिकल स्टोर से दो करोड़ की नकली दवाइयां जप्त की गई थी आयुर्वेदिक दवाई के नाम पर एलोपैथिक दवाइयों का मिश्रण कर खपाया जा रहा था जिसे नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ की सूचनाओं एवं बलौदाबाजार कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर औषधि प्रशासन विभाग ने आयुर्वेदिक औषधि के नाम पर एलोपैथिक दवाइयों का मिश्रण कर बेचे जा रहे अवैध व्यापार का भंडाफोड़ किया था उपरोक्त कार्रवाई में 2 फरवरी को सिमगा के शारदा मेडिकल स्टोर्स एवं उसके संचालक गिरधारी देवांगन के निवास स्थान में छापा मारकर 37 बोरी सहित 13 कार्टून नकली दवाइयों का जखीरा जप्त किया गया था जिसका बाजार मूल्य लगभग दो करोड़ से अधिक आंका गया है मिली जानकारी के अनुसार औषधि प्रयोगशाला रायपुर के अनुसार आयुर्वेदिक औषधियों में एलोपैथिक कटेंट डाइक्लोफिनेक एवं एसायक्लोफेनिक मिश्रण मिलाने की पुष्टि की गई है जो स्वास्थ्य के लिए बेहद ही हानिकारक है यहां यह बताना आवश्यक है कि शिमला नगर में लंबे समय से अनेक प्रकार के नशीले वस्तुओं का जिसमें शराब गांजा अफीम आदि बेरोकटोक गली चौराहों पर मौत के सौदागरों के द्वारा घर पहुंच सेवा के रूप में उपलब्ध कराया जा रहा है यह भी बताना आवश्यक है कि सिमगा नगर के मुख्य चौराहे पर शारदा मेडिकल स्टोर से जिला प्रशासन की कार्यवाही में 2 करोड़ से अधिक की नकली और जहरीली दवाओं का जखीरा जप्त किया गया उपरोक्त कारवाही के पश्चात भी नगर में अवैध कारोबार थमता नहीं दिख रहा है 1 सप्ताह पूर्व नकली दवाओं का जखीरा जप्त होने के पांचवें दिन बाद तिल्दा रोड स्थित ओवरब्रिज के नीचे पुनः नगर के दो युवकों को नशीली और जहरीली दवाओं के साथ पकड़ना इस बात का सूचक है कि मौत के सौदागरों को शासन प्रशासन का खौफ नहीं है और वे बेखौफ बेरोक टोक नशे का व्यापार कर रहे हैं सिमगा पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपियों के विरुद्ध धारा 21बी एनडीपीएस के तहत कार्यवाही किया है। जिस मेडिकल से और निवास स्थान से जखीरा बरामद किया गया था का आरोपी गिरधारी देवांगन जो कि शारदा मेडिकल का संचालक है आज भी नगर में खुलेआम घूम रहा है।

## सलौनी धान खरीदी केन्द्र में लाखों की हेराफेरी कर फरार दो आरोपी पकड़े गए

**बलौदाबाजार, 10 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थी भारत लाल साहू पिता लाला राम साहू उम्र 47 साकिन ग्राम पवनी पो . खौना थाना धरसींवा जिला रायपुर हाल शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रिय मर्या. रायपुर शाखा प्रबंधक रायपुर द्वारा लिखित आवेदन पेश किया की प्रा. कृषि साख सहकारी समिती सलौनी पं . क्रमांक 221 के धान उपार्जन केन्द्र सलौनी में खरीफविपणन वर्ष 2021-2022 धान खरीदी में व्यापक अनियमित्ताओं एवं धान के कमी की जांच 29 अप्रैल 2022 को कलेक्टर द्वारा चार सदस्यी टीम गठित किया गया था जिसमें जांच दल द्वारा जांच कर रिपोर्ट कलेक्टर को 2 मई 2022 को पेश किया गया है जिस रिपोर्ट में 1606.71 क्विंटल धान की उच्च उनुदान सहित राशी लगभग 40,16,775.00 रूपये एवं 9932 नग बरदाना कमी राशी लगभग 4,73,930.00 रूपये कुल राशी 44,90,705.00 रूपये की कमी पायी गई जो रिपोर्ट के अनुसार कर्मचारी समिति प्रबंधक राजेन्द्र ठाकुर, फड़ प्रभारी व कम्प्युटर आपरेटर संजय नेताम, मुकरदम उमा शंकर बंजारे, पंजी संधारक एवं पुर्व फड़ प्रभारी प्रवीण कुमार डहरिया, बारदाना प्रभारी राहुल ठाकुर के द्वारा शासन के राशि का गबन करना पाया गया जिसमें कार्यवाही के संबंध में शाखा प्रबंधक रोहांसी के द्वारा लिखित आवेदन पेश करने पर 2 जून 2022 को अपराध क्रमांक 280/22 धारा 409,420,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है विवेचना दौरान आरोपियों का कृत्य अपराध धारा का घटित करना पाये जाने से आरोपी राजेन्द्र ठाकुर पिता रामेश्वर सिंह ठाकुर उम्र 43 साल निवासी सीतापार थाना पलारी, राहुल ठाकुर पिता राजकुमार ठाकुर उम्र 21 साल निवासी ग्राम दतान ख चौकी लवन थाना कसडोल, संजय कुमार नेताम पिता बृजलाल नेताम उम्र 30 साल निवासी ग्राम दतान ख चौकी लवन थाना कसडोल को पुर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर अभियोग पत्र पेश किया जा चुका।

## सरपंच अविश्वास प्रस्ताव मामले में जल्द कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 10 फरवरी।** समीपस्थ ग्राम पंचायत सिनोधा इन दिनों लोगो के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है वजह है पंचो के द्वारा लगाया गया सरपंच पर अविश्वास प्रस्ताव ग्राम पंचायत सिनोधा में 16 वार्ड है जिसमे से लगभग आधे से ज्यादा पंचो ने तिल्दा एस डी एम प्रकाश टंडन के समक्ष उपस्थित होकर ज्ञापन दिया था तत्पश्चात एस डी एम ने जनपद पंचायत तिल्दा को उक्त मामले को संज्ञान में लेकर उचित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है ज्ञापन दिए लगभग एक माह से ऊपर हो गया है पर कार्यवाही अब तक नही हुआ है जिस पर जिम्मेदार अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के भेट मुलाकात कार्यक्रम तिल्दा ब्लाक में थे इसलिए अन्य कार्यो में जनपद के कर्मचारी की व्यस्तता थी भेट मुलाकात कार्यक्रम में पश्चात पंचायत स्पेक्टर के माध्यम से साइन परिक्षण का कार्य संपन्न कराया जा चुका है जल्द ही इस मामले में कार्यवाही की जाएगी वही ग्रामीणों के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर चल रहा है जिससे गॉव का वातावरण दिनों काफी गर्माया हुआ है 7 फरवरी को लगभग 100 से ज्यादा समर्थकों के साथ सरपंच एस डी एम कार्यालय पहुचे थे और जानकारी मिली है कि इससे पहले भी पंचायत स्पेक्टर को साइन परीक्षण के दौरान पंचायत के बाहर लगभग 50 ग्रामीणों ने रोक रखा था जिसके बाद अधिकारी को तिल्दा थाना से स्टाप बुलाना पड़ा था इस संबंध में सरपंच से चर्चा हुआ जिस पर उन्होंने कुछ भी बात करने से इंकार कर दिया।

वही पंचो ने आरोप लगाया है कि मनरेगा के कार्यो को प्रभावित कर सरपंच शक्ति प्रदर्शन कर रहे है सरपंच के साथ न जाने पर मनरेगा कार्य बंद करने हाजरी न डालने का दबाव बनाया जा रहा है इस पर मनरेगा कर्मचारियों से बात हुई है जिसमें ज्यादातर मजदूरों ने ऐसी बातों से इनकार किया वही कुछ लोगो इस बात पर हामी भरी है लोगो ने बताया कि सरपंच को जिस दिन पंचायत या तहसील ले जाना रहता है उस दिन जल्दी फ़ोटो खिंच देते है और नही जाओगे तो हाजरी नही भरेंगे कहकर रोजगार सहायक द्वारा दबाव बनाया जाता है।


**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांक:**
**202302094500002/202302094500002**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:-2022-2023
अमलीडीह प.ह.न. 00019 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार -
अनावेदक पक्षकार -

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक टीकम कंवर पिता बैसाखू कंवर जाति कंवर निवासी ग्राम अमलीडीह द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पिता बैसाखू कंवर पिता नंदकुमार जाति कंवर की मृत्यु दिनांक 10.07.1997 को स्थान अमलीडीह में हुआ है जो कि भूलवश ग्राम पंचायत अमलीडीह में मृत्यु पंजी रजिस्ट्रार में दर्ज नही हो पाया है। आवेदक को अपने पिता बैसाखू कंवर पिता नंदकुमार जाति कंवर की मृत्यु तिथि ग्राम पंचायत अमलीडीह में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता है। अत: ग्राम पंचायत अमलीडीह में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने का निवेदन किया गया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 15.02.2023 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईशतहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/02/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, लालबहादुर नगर ( छ.ग. )



**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया, (छत्तीसगढ़)**

रा.प्र.क्र. 202302211900008
ब/121 वर्ष 2022-23
ग्राम का नाम-धौराभांठा

**//ईश्तहार//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कमला बाई ध्रुव पिता श्री तितरा ध्रुव जाति गोड़ निवासी ग्राम धौराभांठा प.ह.नं. 22 रा.नि.मं. निपनिया तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ने अपने माता श्रीमती दुलेश्वरी ध्रुव पति श्री तितरा ध्रुव माता का नाम श्रीमती केजाबाई ध्रुव की मृत्यु दिनांक **22.05.1985** (स्थान) **ग्राम धौराभांठा** का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत **धौराभांठा** तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सरपंच प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 27/02/23 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 27/02/23 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 07/02/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी, निपनिया ( छत्तीसगढ़ )



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-अ 2 वर्ष 2022-23

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **नंदनी वर्मा आ. चन्द्रकुमार वर्मा निवासी ग्राम बैहरसरी तहसील बोड़ला जिला कबीरधाम** के द्वारा अपने नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि बैहरसरी प.ह.नं 17 तहसील बोड़ला स्थित भूमि ख.नं **428/6 रकबा 0.202** हे. भूमि को **कृषि** प्रयोजन से **औद्योगिक प्रयोजन ( गुड़ उद्योग )** हेतु व्यपवर्तित कराये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत तिथी **24.02.2023** तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक **08.02.2023** को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 08.02.2023**
**पेशी दिनांक 24.02.2023**

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) बोड़ला



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका तहसील व जिला-दुर्ग**

न्यायालय में मामला क्र. 202210101000057/ अ-12/ वर्ष:2022-23
दिनांक:-08.02.2023

**सीमांकन सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि माननीय तहसीलदार महोदय दुर्ग के न्यायालयीन आदेशानुसार आवेदिका **कुमारी मारिया जीवन्या** पिता श्री **पी. कदा स्वामी** निवासी- **क्वा. नं. 07 ए सड़क-2 सेक्टर-2 भिलाई** द्वारा आवेदित स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम/मौजा. **कुरूद** प.ह.न.-**19 अ** रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला-दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर **1607/90** रकबा **0.02** हे. भूमि का सीमांकन दिनांक **16/02/2023** को समय **11** से **5** बजे के बीच में सीमांकन किया जाना है। जिस किसी हितबद्ध पक्षकारों/संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो समस्त दस्तावेजों के साथ सीमांकन पूर्व मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है अन्यथा विधिवत सीमांकन कर दी जाएगी।

मुहर — राजस्व निरीक्षक, कोहका



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका तहसील व जिला-दुर्ग**

न्यायालय में मामला क्र. 202210101000058/ अ-12/ वर्ष:2022-23
दिनांक:-08.02.2023

**सीमांकन सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि माननीय तहसीलदार महोदय दुर्ग के न्यायालयीन आदेशानुसार आवेदिक श्रीमती **कांदा स्वामी काशी विश्वनाथ** पिता/श्री **पी.पी. कदा स्वामी** निवासी- **क्वा. नं. 07 ए सड़क-2 सेक्टर-2 भिलाई** द्वारा आवेदित स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम/मौजा **कुरूद** प.ह.न.-**19 अ** रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला-दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर **1607/89** रकबा **0.02** हे. भूमि का सीमांकन दिनांक **16/02/2023** को समय **11** से **5** बजे के बीच में सीमांकन किया जाना है। जिस किसी हितबद्ध पक्षकारों/संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो समस्त दस्तावेजों के साथ सीमांकन पूर्व मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है अन्यथा विधिवत सीमांकन कर दी जाएगी।

मुहर — राजस्व निरीक्षक, कोहका



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर -10**
जारी दिनांक 10/02/2023

**//आम सूचना//**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री **राज कुमार राठी** पिता/पति **स्व. नारायण राठी** निवासी **बैरन बाजार रायपुर** छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम **देवपुरी** पटवारी हल्का नंबर **73** राजस्व निरीक्षक मण्डल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नम्बर **190/7, 191/1, 191/4** रकबा क्रमश: **0.1030, 0.4150, 0.0810** हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर के आदेश दिनांक 20/01/2023 के परिपालन में दिनांक 13/02/2023 को समय 04 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नम्बर **73** के **देवपुरी** में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

मुहर — राजस्व निरीक्षक, रा.नि.मं. रायपुर-10



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर -10**
जारी दिनांक 10/02/2023

**//आम सूचना//**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री **विट्ठल बिल्डकॉन प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर राजकुमार राठी** पिता **स्व. नारायण दास राठी** निवासी **कटोरा तालाब रायपुर** छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम **देवपुरी** पटवारी हल्का नंबर **73** राजस्व निरीक्षक मण्डल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नम्बर **191/5, 191/2** रकबा क्रमश: **0.0810, 0.5780** हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर के आदेश दिनांक 20/01/2023 के परिपालन में दिनांक 13/02/2023 को समय 04 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नम्बर **73** के **देवपुरी** में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

मुहर — राजस्व निरीक्षक, रा.नि.मं. रायपुर-10



**पर्यावरण स्वीकृति बाबत् आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने ई.आई.ए. अधिसूचना 2006 के अंतर्गत अपने ईसी पहचान पत्र नंबर - EC23A008CG169179 Dated 10.02.2023 द्वारा हमारी डीआरआई आधारित स्टील प्लांट के तहत स्पंज आयरन (198000 टन/वर्ष), माईल्ड स्टील बिलेट्स (345800 टन/वर्ष), रिरोल्ड स्टील प्रोडक्ट्स थ्रु हॉट चार्जिंग एवं थ्रु रिहिटिंग फर्नेस (342144 टन/वर्ष), (9 मेगावाट/वर्ष गुणा 2 नग एस.ए.एफ) से फेरो एलॉयज (35000 टन/वर्ष) तथा पिंग आयरन (70000 टन/वर्ष), कैप्टिव पावर का 20 मेगावाट (12 मेगावाट थ्रु डब्ल्युएचआरबी एवं 8 मेगावाट थ्रु एएफबीसी), पाईप (150000 टन/वर्ष), गैल्वेनाईजिंग प्रोडक्ट्स ( 100000 टन/वर्ष) एवं फ्लाई ऐश ब्रिक्स (34600 टन/वर्ष) वाली ग्राम मढ़ी, आर. आई.- खरोरा, तहसील-तिल्दा, जिला- रायपुर (छ.ग.) में प्रस्तावित ग्रीन फील्ड परियोजना हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रदाय की है। जिसकी प्रति पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाईट (www.parivesh.nic.in) तथा प्रतिलिपि छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर तथा मुख्यालय नया रायपुर में भी अवलोकन हेतु उपलब्ध है।

**स्थान:- रायपुर (छ.ग.)**
**दिनांक:- 10.02.2023**

**मेसर्स गौरी गणेश इस्पात प्रायवेट लिमिटेड**
**ग्राम मढ़ी, आर.आई. खरोरा,**
**तहसील तिल्दा, जिला रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, धमतरी, (छ.ग.)**

Email ID-eedha-phe-cg@nic.in    Telephone Number-07722-238719

**//ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा सूचना//**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र-''ए'' एकमुश्त अनुबंध पर ADB परियोजना अन्तर्गत पाईप लाईन विस्थापन कार्य निम्नांकित व्यास सहित प्रदाय कर जोड़ने, बिछाने, इन्टरकनेक्शन टेस्टिंग, ट्रायल रन, निर्माण कार्य एवं 3 माह तक संचालन संधारण कार्य। (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित) निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन (OnLine) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| निविदा क्र. /दिनांक/ सिस्टम नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 16/08.02.2023 124139 | कुरूद-मेघा-मगरलोड-अमलीडीह में 100 से 200 मि.मी. व्यास के DI K-9 पाईप स्पेशल्स 960 मी.। | 31.65 | 01.03.2023 सायं 5.30 बजे तक |
| 17/08.02.2023 124143 | बुड़ेनी, भेण्ड्री, मगरलोड, लुगे, बोरसी, भोयना में 100 से 200 मि.मी. व्यास के DI K-9 पाईप स्पेशल्स 1040 मी.। | 30.53 | |
| 18/08.02.2023 124144 | बुड़ेनी, भेण्ड्री, मगरलोड, लुगे, बोरसी, भोयना में 100 मि.मी. व्यास के DI K-7 पाईप स्पेशल्स 2100 मी.। | 39.50 | |

**नोट:-** उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि की विस्तृत निविदा, विज्ञापित निविदा, दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल (https://eproc.cgstate.gov.in) से डाउनलोड की जा सकती है, तथा दिनांक-15.02.2023 से देखा जा सकता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**धमतरी (छ.ग.)**

जी-98382/6



**कार्यालय कलेक्टर, (आदिवासी विकास शाखा)**
**जिला-उत्तर बस्तर कांकेर**

एन.आइ.टी.क्रमांक/15/आ.वि./निर्माण/2022-23    कांकेर, दिनांक03/02/2023

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**
**(पंचम सूचना)**

छत्तीसगढ़ के राज्य के नाम से निम्नलिखित कार्यों के लिए कार्यालय कलेक्टर, (सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शाखा) जिला उत्तर बस्तर कांकेर के कार्यालय में नीचे दर्शाए गए विवरण के अनुसार एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत 'सी' श्रेणी एवं इसमें ऊपर श्रेणी के ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा भवन दर अनुसूची जो 01.01.2015 से प्रभावशील एवं अद्यतन संशोधन सहित एस.ओ.आर. पद्धति के तहत ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रत्येक कार्य की कार्य पूर्ण करने की अवधि 18 माह (वर्षा काल सहित) होगी।

1. ई निविदा प्रारंभ तिथि - 03.02.2023
2. ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 14.02.2023
3. निविदा प्रपत्र की चालान एवं अमानत राशि (एफ.डी.आर.) प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि (स्पीड पोस्ट से) - 16.02.2023
4. निविदा खोलने की तिथि - 17.02.2023

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्रमांक | कार्य का नाम/स्थान का नाम | निविदा की राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | अमानत राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 124155 | आदिवासी कन्य आश्रम रेंगावाही, वि.ख. कोयलीबेड़ा भवन निर्माण कार्य (मय सेनेटरी फिटिंग व वाटर सप्लाई, सेप्टिक टैंक, बोर खनन, सम्पवेल व रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य सहित) | 120.16 | 3000.00 | 0.91 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट -https://eproc.cgstate.gov.in पर में देखे जा सकते हैं।

**सहायक आयुक्त**
**आदिवासी विकास, कांकेर**

जी-98385/6

छत्तीसगढ़ शासन

# जो नहीं पहुंचे हम तक
# हम जा पहुंचे उन तक

## जांच, दवाएं और मुफ्त इलाज लेकर

4 खुशहाल साल

**मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना**


**39.76 लाख लोगों का उपचार**

**मुख्यमंत्री दाई-दीदी मोबाइल क्लिनिक योजना**

**1.40 लाख से ज्यादा महिलाओं का इलाज**

**मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना**

**82 लाख लोगों को मुफ्त चिकित्सा सेवाएं**



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़






Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क


कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23